www.epaper.azadsipahi.in
27 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 187

पीएम ने 51 हजार युवाओं को जॉब लेटर दिया



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## पहलगाम हमले के बाद धनबाद में एटीएस की दबिश

# आतंकी संगठन से जुड़े चार लोग दबोचे

- तोपचांची से भी दो संदिग्ध पकड़े गये
- हथियार, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और भड़काउ धार्मिक पुस्तकें बरामद
- वासेपुर समेत 15 जगहों पर छापेमारी
- हिज्ब उत तहरीर से जुड़े हैं संदिग्धों के तार, की जा रही है पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/जम्मू/नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद पूरे देश में एटीएस की दबिश बढ़ गयी है। झारखंड के धनबाद के वासेपुर इलाके समेत 15 जगहों पर शनिवार को एटीएस ने छापेमारी की। एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। इनसे पूछताछ की जा रही है। ये सभी आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' से जुड़े हैं। इनके नाम गुलफाम हसन, आयान जावेद, मो शहजाद आलम और शबनम परवीन हैं। ये सभी आतंकी संगठन से डार्क वेब के जरिये संपर्क में थे। छापेमारी में हथियार, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और भड़काऊ धार्मिक पुस्तकें बरामद की गयी हैं। वहीं, जम्मू कश्मीर के अनंतनाग से 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

**इन स्थानों पर की गयी है छापेमारी:** झारखंड में टीम ने धनबाद में वासेपुर के नूरी मस्जिद के आसपास सबसे पहले दबिश दी। इसके बाद वासेपुर स्थित शमशेर नगर में एटीएस की टीम ने छापेमारी करते हुए पति-पत्नी को हिरासत में लिया है। इसमें आयान और उसकी पत्नी शबनम शामिल है। छापेमारी के दौरान दंपति के घर से कई धार्मिक किताबें और अन्य दस्तावेज बरामद किये गये हैं। एटीएस की टीम ने इसके अलावा वासेपुर से ही युसूफ और कौसर नाम के दो युवकों को हिरासत में लिया हैं। इसके बाद टीम वासेपुर की गफ्फार कॉलोनी के अमन सोसायटी, वासेपुर बाइपास रोड पहुंची। टीम ने भूली ए ब्लॉक स्थित क्वार्टर संख्या 398 में भी छापेमारी की। यहां रहने वाले हारून रशीद से टीम ने घंटों पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार एटीएस की टीम हारून रशीद के बेटे को खोजते हुए हुए भूली पहुंची थी। हारून रशीद का बेटा दुबई में रहता है। धनबाद पुलिस की सहायता से एटीएस की छापेमारी लगातार जारी है, जबकि भूली ओपी में धनबाद डीएसपी लॉ एंड आर्डर नौशाद आलम कैंप किये हुए हैं।



### हथियार और कई डिजिटल उपकरण मिले

गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों के पास से दो पिस्टल, 12 कारतूस, कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप के साथ-साथ भारी मात्रा में प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित दस्तावेज और पुस्तक बरामद किये गये हैं। इस संबंध में एटीएस, रांची में आपराधिक कांड दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। को गिरफ्तार किया है।

### तोपचांची से दो संदिग्धों को दबोचा

तोपचांची थाना क्षेत्र के कांडेडीह स्थित नेशनल हाइवे पर शनिवार को एटीएस की टीम ने दोपहिया वाहन (स्कूटी) सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के समय तोपचांची तथा राजगंज थाना की पुलिस भी मौके पर मौजूद थी। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार किये गये युवकों के तार आतंकी संगठन से जुड़े होने की आशंका जतायी जा रही है। दोनों युवक पाकिस्तानी नागरिक बताये जा रहे हैं। दोनों को एटीएस की टीम ने अपने साथ ले कर चली गयी। फिलहाल पुलिस इस मामले की गंभीरता को देखते हुए किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी देने से बच रही हैं।

### पहलगाम हमले के बाद 175 संदिग्ध हिरासत में

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी वारदातों के बाद सुरक्षा बल पूरी तरह से एक्शन में हैं। शनिवार को हंदवाड़ा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत से जुड़े मामलों की जांच के लिए जिले में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत पुलिस थाना हंदवाड़ा में एफआइआर के तहत यह तलाशी अभियान चलाया गया। वहीं संगठन के सदस्यों की गतिविधियों और उनके प्रतिबंधों के बावजूद जारी आपराधिक संलिप्तता को लेकर पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2023 में तहरीक-ए-हुर्रियत को प्रतिबंधित किया था। साथ ही पहलगाम हमले के बाद सुरक्षाबलों ने अनंतनाग जिले में व्यापक तलाशी अभियान चलाया है। इसमें अब तक लगभग 175 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी से सुरक्षा एजेंसियां गहन पूछताछ कर रही हैं। प्रशासन ने कहा कि देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए ऐसे प्रयासों को और तेज किया जायेगा।

# गुजरात में एक हजार बांग्लादेशी हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता



**अहमदाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात के अहमदाबाद और सूरत में पुलिस ने शनिवार को करीब 1000 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जायेगा। हरियाणा में राज्य सरकार ने 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। अभी इन्हें हिरासत में लेने की कोई सूचना नहीं है। सीएम नायब सैनी ने पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए गृह विभाग से प्लानिंग मांगी है। पंजाब के अटारी बॉर्डर पर शनिवार सुबह से पाकिस्तानी नागरिक भारत छोड़कर अपने देश लौट रहे हैं। एक पाकिस्तानी ने कहा कि उनके पास डेढ़ महीने का वीजा था, लेकिन भारत सरकार के आदेश के कारण उन्हें 15 दिनों में लौटना पड़ रहा है। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने ट्रैवल परमिट लेकर भारत आये सभी पाकिस्तानी नागरिकों को एक मई, 2025 तक पाकिस्तान लौटने को कहा है। वहीं अवैध रूप से भारत में रह रहे लोगों को सरकार खुद उनके देश भेजेगी।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

## न्यूज रील्स

### कुलगाम में आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के गिद्दर गांव में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इलाके में तलाशी दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और आतंकियों के भागने के सभी रास्तों को बंद कर दिया। सुरक्षाबलों ने कुलगाम के कैमोह में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो पिस्टल, दो मैग्जीन, 25 राउंड गोली और गोला-बारूद बरामद हुआ।

### आतंकियों का ठिकाना तबाह किया

मुश्ताकाबाद। सुरक्षाबलों ने मच्छिल सेक्टर के मुश्ताकाबाद इलाके के सेदोरी नाले के घने जंगलों में एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को एक संदिग्ध जगह पर छुपाया गया हथियारों का जखीरा मिला।

# जम्मू-कश्मीर में छह आतंकवादियों के घर ध्वस्त

टीआरएफ ने लिया यू टर्न, बोला पहलगाम हमले में उसका हाथ नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में अब तक छह आतंकवादियों के घर गिराये जा चुके हैं। इनमें लश्कर का आसिफ शेख, आदिल ठोकेर, हारिस अहमद, जैश का अहसान उल हक, जाकिर अहमद गनई और शाहिद अहमद कुटे शामिल हैं। इनमें जैश का अहसान 2018 में पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर लौटा था। आसिफ और आदिल के नाम पहलगाम हमले में



सामने आये थे। सेना ने त्राल, अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां में सर्च ऑपरेशन के दौरान यह एक्शन लिया। इस बीच आतंकी संगठन द कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम हमले के तीन दिन बाद इसकी जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है। हमले के बाद सबसे पहले टीआरएफ ने ही इसकी जिम्मेदारी ली थी। संगठन ने कहा कि उसके डिजिटल प्लेटफॉर्म को साइबर हमला कर हैक कर लिया गया था और फर्जी संदेश डाला गया था। टीआरएफ ने भारतीय एजेंसियों पर साजिश रचने का आरोप भी लगाया और मामले की जांच शुरू करने की बात कही। उधर पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार सुबह के बाद शनिवार तड़के भी एलओसी पर फॉरवर्ड भारतीय पोस्ट पर फायरिंग की। भारतीय सेना ने भी इसका जवाब दिया। इस गोलीबारी में किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

# सुरक्षाबलों के ऑपरेशन का लाइव टेलीकास्ट नहीं करे मीडिया : केंद्र

पहलगाम हमले के बाद सरकार की एडवाइजरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को मीडिया संगठनों से सेना के ऑपरेशन और सुरक्षा बलों की आवाजाही का लाइव टेलीकास्ट नहीं करने का निर्देश दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि ऐसी रिपोर्टिंग से अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। यह सलाह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद रक्षा मामलों पर रिपोर्टिंग के मद्देनजर जारी की गयी है, जिसमें 26 लोग मारे गये थे। सरकार ने कहा अगर कोई चैनल केबल टीवी नेटवर्क संशोधन एक्ट 2021 के नियमों का उल्लंघन करता है, तो उस पर कार्रवाई की जायेगी। इधर, भारतीय रेलवे ने भी कश्मीर में तैनात गैर-कश्मीरी कर्मचारियों के लिए कहा है कि कोई अकेले बाहर न जाये।

SHARDA GLOBAL SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E (10+2), New Delhi
ADMISSION OPEN FOR STD. XI
Session: 2025-2026
We believe in quality not in quantity

| Science | Commerce | Humanities |
|---|---|---|
| English, Physics, Chemistry, Maths /Bio (any one) IP/PHE/ Economics (any one) | English, Accountancy, Business Studies, Economics/ Entrepreneurship (any one) IP/PHE/ Applied Maths (any one) | English, History, Sociology, Pol. Science, IP/PHE/Economics (any one) |

Additional Subject - PHE/Painting (any one) in all the Stream

- 2nd State Topper CBSE SSE
- The highlight of SSE & AISSE results: 100% First Classes.
- Students Qualified in Mathematics (IOQM 2024) and Qualified for RMO
- Affordable Fee Structure
- Early Dispersal
- Age appropriate, NEP alligned curriculum

Alumni of Sharda Global School are currently studying in IIT Roorki, BITS Pilani Hyderabad, Medical Science RIMS Ranchi, Indian Maritime University. Many more got into different Prestigious Colleges and Universities all over India.

Provisional Admission will be done on the basis of Pre-Board Result
Admission will be confirmed once Board Results are declared.
Add: Bukru, Kanke, Ranchi | Website: shardaglobalschool.com
Contact: 7542983222, 9771435100| E-mail:shardaglobalschool@gmail.com

# स्वीडन के गोथेनबर्ग में भारतीय दूतावास ने झारखंड सरकार के सहयोग से निवेशक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया

## सीएम ने निवेशकों को झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वीडन में भारतीय दूतावास ने झारखंड सरकार के सहयोग से गोथेनबर्ग में एक निवेशक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 'औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ संवाद और प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ बैठकें (जी2बी, जी2जी)' तथा 'झारखंड में निवेश और व्यापार के अवसर: झारखंड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुति' शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रमुख स्वीडिश कंपनियों के प्रतिनिधियों और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कार्यवाहक राजदूत राकेश तिवारी



ने भारत-स्वीडन के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों एवं झारखंड में उभरते निवेश अवसरों पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वीडिश कंपनियों को झारखंड में विशेष रूप से खनिज अन्वेषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्थिरता पर केंद्रित ऊर्जा क्षेत्र और इलेक्ट्रिक वाहन (इवी) और स्वच्छ गतिशीलता के क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। झारखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों, औद्योगिक ढांचे, प्राकृतिक संसाधनों और सतत व समावेशी विकास पहलों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। यह कार्यक्रम स्वीडन की सतत प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता और झारखंड के हरित औद्योगीकरण के दृष्टिकोण के बीच प्राकृतिक सामंजस्य को रेखांकित करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य जी2बी और जी2जी संवाद को मजबूत करना और भारत-स्वीडन सहयोग को बढ़ावा देना है।

### सीएम ने गोथेनबर्ग में वोल्वो ट्रक प्लांट का दौरा किया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ गोथेनबर्ग में वोल्वो ट्रक प्लांट का दौरा किया और अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान झारखंड में वोल्वो द्वारा ट्रक निर्माण इकाइ स्थापित करने की संभावना पर चर्चा की गयी। खनन कार्यों के लिए ट्रकों और डंपरों में राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने वोल्वो ट्रक एक्सपीरियंस सेंटर का भी दौरा किया, जहां फर्म इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, पैसेंजर और रोड सेफ्टी और अन्य उत्पादों जैसे मिरर-लेस कैमरा इनेबल्ड ट्रक कैब, ट्रकों के लिए 3-प्वाइंट सस्पेंशन आदि में अपने नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने प्लांट में किये जा रहे अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास की सराहना की और वोल्वो के इलेक्ट्रिक ट्रकों को चलाने वाली 440 किलोवाट की मोटरों के टिकाऊपन और मजबूती के बारे में जानकारी ली।




## 1971 में पाकिस्तान ने कर दिया था 13 दिनों में सरेंडर और हो गये थे दो टुकड़े

# 2025 में 13 घंटे में निपट जायेगा पाकिस्तान

- सैन्य शक्ति में भारत दुनिया में चौथा तो पाकिस्तान 12वें पायदान पर, लेकिन गीदड़भभकी में नंबर वन
- जंग की हालत में भारत के सामने टिक नहीं सकता पाकिस्तान
- दोनों देशों के बीच सैन्य शक्ति और हथियारों की संख्या में है बड़ा अंतर
- दोनों देश परमाणु हथियारों से हैं लैस, लेकिन पलड़ा भारत का ही भारी

**आजाद सिपाही विशेष**

वैसे तो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव हमेशा सतह पर रहता है, लेकिन पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 पर्यटकों की हत्या किये जाने के भारत में माहौल काफी गरम है। देश की सेनाएं हाइ अलर्ट मोड में हैं और भारत द्वारा कूटनीतिक स्ट्राइक के बाद कुछ बड़ा किये जाने जैसा माहौल बन रहा है। भारत ने जिस कड़ाई से पहलगाम नरसंहार कांड पर प्रतिक्रिया दी है, उससे दुनिया भर में यही संदेश गया है कि भारत को रोक पाना अब असंभव है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि यदि भारत और पाकिस्तान के बीच जंग छिड़ती है, तो किसका पलड़ा भारी रहेगा और दोनों देशों के पास कितनी सैन्य ताकत है। भारत ने पाकिस्तान के साथ तीन युद्ध लड़े हैं और हर बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी है। 1971 की लड़ाई में तो भारत ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दुनिया का नक्शा ही बदल दिया था। ऐसे में यह बात आराम से कही जा सकती है कि युद्ध की हालत में भारत का पलड़ा बहुत भारी है। जहां तक सैन्य ताकत की बात है, तो दोनों के पास महत्वपूर्ण सैन्य शक्ति है, लेकिन भारत को लगभग हर क्षेत्र में बढ़त हासिल है। भारत के पास अधिक सैनिक, एडवांस जेट और मिसाइलें, बेहतर उपकरण के अलावा एक बड़ी नौसेना भी है। तनाव बढ़ने पर भारत को बहुस्तरीय रक्षा क्षमताओं से उसको हवा और जमीन के अलावा समुद्र में भी लाभ मिलेगा। ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पाकिस्तान से काफी आगे है। रिपोर्ट के मुताबिक यदि भारत दुनिया में इस मामले में चौथे स्थान पर है, तो पाकिस्तान 12वें स्थान पर है। क्या है भारत और पाकिस्तान की सैन्य ताकत और कैसे भारत पाकिस्तान को युद्ध के मैदान में चौथी बार भी पटखनी देने की स्थिति में है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दक्षिणी कश्मीर के पहलगाम के बायसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों को गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। भारत ने हमले के बाद कड़े कदम उठाते हुए सिंधु जल संधि रद्द करने समेत पाकिस्तान पर कई प्रतिबंध लगा दिये हैं। भारत की ओर से लिये गये बड़े फैसलों के बाद पाकिस्तान भी लगातार गीदड़ भभकियां दे रहा है। हालांकि सच यह है कि भारत की सैन्य शक्ति के आगे पाकिस्तान कहीं भी नहीं टिकता है। चाहे वह थल सेना की बात हो या नौसेना की या फिर वायु सेना की। भारत की तीनों सेनाएं पाकिस्तान की सेनाओं के मुकाबले अधिक मजबूत हैं। पहलगांव में कायराना हमले के बाद भारत और पाकिस्तान युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं, लेकिन सबसे अहम बात यह है कि क्या पाकिस्तान भारत की सशक्त सेनाओं का मुकाबला कर पायेगा।

### भारत की ताकत

ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स 2025 की रिपोर्ट बताती है कि सैन्य शक्ति के मामले में भारत, पाकिस्तान से काफी आगे है। अगर भारत इस मामले में चौथे पायदान पर है तो पाकिस्तान काफी दूर 12वें स्थान पर पड़ा हुआ है। अगर सक्रिय सैनिकों की बात करें तो भारत के पास 14.55 लाख की संख्या है। वहीं रिजर्व फोर्स की बात करें तो वहां भी आंकड़ा 11.55 लाख तक पहुंचता है। पैरामिलिट्री जवानों की स्थिति में भी भारत काफी मजबूत हो चुका है। वर्तमान में पैरामिलिट्री जवानों की संख्या 25 लाख 27 हजार चल रही है। पिछले कुछ स्थानों में भारत का डिफेंस बजट भी तेज गति से आगे बढ़ा ,है आंकड़ों में बात करें तो अब भारत का डिफेंस बजट 77.4 अरब डालर तक जा चुका है, इसे 681210 करोड़ रुपये भी कहा जा सकता है।

### दोनों देशों की थलसेना

भारत के पास 14 लाख 55 हजार 550 सक्रिय सैनिक हैं। भारत के रिजर्व सैनिकों की संख्या 11 लाख 55 हजार है। वहीं पाकिस्तान के पास छह लाख 54 हजार सक्रिय सैनिक हैं और पांच लाख 50 हजार रिजर्व सैनिक हैं। पैरामिलिट्री फोर्स का आंकड़ा देखें, तो भारत के पास जहां 25 लाख 27 हजार सैनिकों की क्षमता है, वहीं पाकिस्तान के पास पांच लाख की पैरामिलिट्री फोर्स है। भारत के पास 4,201 टैंक हैं, जबकि पाकिस्तान के पास केवल 2,627 टैंक हैं। भारत के पास टी-90 भीष्म और अर्जुन टैंक, ब्रह्मोस मिसाइल और पिनाक रॉकेट सिस्टम से लैस हाइटेक वाहन भी हैं। भारत के पास डेढ़ लाख के करीब बख्तरबंद गाड़ियां हैं, जो पाकिस्तान के मुकाबले तीन गुना अधिक हैं। भारत के पास बोफोर्स और होवित्जर तोपें मौजूद हैं, जो पाकिस्तान को कारगिल के युद्ध में धूल चटा चुकी हैं।

### दोनों देशों की वायुसेना

भारतीय वायुसेना के पास 513 जेट के साथ 2,229 एयरक्राफ्ट हैं। वहीं पाकिस्तान के पास 328 फाइटर जेट सहित कुल 1,399 विमान हैं। हेलीकॉप्टरों के मामले में भी भारत आगे है। उसके पास 899 हेलीकॉप्टर हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 373 हेलीकॉप्टर हैं। भारत के पास 80 अटैक हेलीकॉप्टर हैं, जबकि पाकिस्तान के पास 57 हैं। भारत की वायुसेना में राफेल फाइटर जेट, सुखोई एसयू-30 एमकेआइ, मिराज-2000, मिग-29 फाइटर जेट हैं, जो ब्रह्मोस, अस्त्र, रुद्रम और आकाश जैसे मिसाइल सिस्टम से लैस हैं। पाकिस्तान के पास जेएफ-17 थंडर, ए-16 और मिराज जैसे फाइटर जेट्स हैं। भारत के पास दुनिया की सबसे ताकतवर और खतरनाक मिसाइल है, जिसकी गति और मारक क्षमता के आगे दुनिया के बड़े से बड़े रेंज की मिसाइलें घुटने टेक देती हैं। वहीं, पाकिस्तान के पास ऐसी मिसाइलें हैं, जो भारत की पूरी सीमा को कवर करती हैं। उनकी मारक क्षमता का अंदाजा तो लगाया नहीं जा सकता, लेकिन वो भारतीय मिसाइलों की तुलना में रेंज के मामले में कहीं नहीं टिकतीं। भारत के पास ऐसी कई मिसाइलें हैं जो पाकिस्तान को धूल चटाने के लिए काफी हैं। जैसे ब्रह्मोस, अग्नि-5, पृथ्वी-3, बराक-8, के-4 मिसाइल है। वहीं पाकिस्तान के पास हत्फ-7/बाबर, हत्फ-4/शाहीन-1, हत्फ-5/गौरी, हत्फ-6/शाहीन-2, शाहीन-3 मिसाइल है।



### दोनों देशों की नौसेना

भारत की नौसेना के आगे पाकिस्तान की नौसेना बेहद ही कमजोर नजर आती है, चाहे वह युद्धपोतों की बात हो या फिर पनडुब्बियों की। भारत के पास कुल 293 नौसैनिक जहाज हैं, 18 पनडुब्बियां हैं। वहीं पाकिस्तान में करीब 121 नौसैनिक जहाज और आठ पनडुब्बियां हैं। भारत के पास दो विमान वाहक पोत हैं, जबकि पाकिस्तान के पास एक भी नहीं है। वहीं भारत के पास 13 13 डिस्ट्रॉयर हैं, जबकि पाकिस्तान के पास एक भी नहीं है। भारत की नौसेना में कुल 1,42,252 सक्रिय सैनिक हैं।

### भारत और पाकिस्तान का रक्षा बजट

अगर भारत और पाकिस्तान के रक्षा बजट की बात की जाये, तो भी पाकिस्तान काफी पीछे है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 में 6.8 लाख करोड़ (करीब 79 अरब) तक पहुंच गया है, जो पिछले साल के मुकाबले 9.5% ज्यादा है। वहीं पाकिस्तान का रक्षा बजट 2,281 अरब रुपये है, जिसमें इस साल 7.49 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है।

### पाकिस्तान के पास डेस्ट्रॉयर और एयरक्राफ्ट कैरियर नहीं

पड़ोसी पाकिस्तान के मुकाबले भारत की स्थिति काफी बेहतर है। सैन्यबलों से लेकर रक्षा बजट तक भारत ने पाकिस्तान पर बड़ी बढ़त बना रखी है। हाल के वर्षों में थलसेना के मामले में भारत ने अपनी ताकत को काफी बढ़ा लिया है। पाकिस्तान इसके सामने कहीं भी ठहरता नजर नहीं आ रहा है। इसके अलावा वायुसेना की ताकत में भी पाकिस्तान भारत के आगे कहीं नहीं ठहरता है। नौसेना में शामिल हथियारों और ताकत का जिक्र किया जाये, तो अभी तक पाकिस्तान के पास डेस्ट्रॉयर और एयरक्राफ्ट कैरियर नहीं हैं।

### क्या है किसी देश की ताकत मापने का तरीका

ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स (जीएफपी) में किसी देश की ताकत उसके स्कोर पर निर्भर होती है। जिस देश का स्कोर जितना ज्यादा होता है, उसकी ताकत उतनी ही कम आंकी जाती है। यानी 0.0000 का स्कोर सबसे शानदार माना जाता है। इसके बाद जैसे-जैसे यह स्कोर बढ़ता रहता है, वैसे ही देशों की ताकत कम मानी जाने लगती है। इन देशों को यह स्कोर उनकी सेनाओं के संख्याबल, हथियारों की ताकत, लॉजिस्टिक्स लाने-ले जाने की क्षमताएं, भौगोलिक स्थिति और आर्थिक शक्ति के आधार पर दिया जाता है।

### जंग में कितने दिन तक टिक पायेगा पाकिस्तान?

पाकिस्तान की सैन्य क्षमता भारत की तुलना में कम है, खासकर अगर लड़ाई लंबी चली तो। 1971 की जंग में जब भारत ने पूर्वी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर हमला किया था तो पाकिस्तान ने 13 दिनों में सरेंडर कर दिया था और उसके 2 टुकड़े हो गये थे। मौजूदा समय की बात करें तो पाकिस्तान का सीधी लड़ाई में 13 दिन तक टिकना भी मुश्किल लगता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि 2 से 3 हफ्ते की जंग पाकिस्तान को पूरी तरह बर्बाद कर सकती है। इस तरह देखा जाये तो एक सैन्य शक्ति के रूप में पाकिस्तान और भारत का कोई मुकाबला ही नहीं है।

### सीमा पर बढ़ रहा तनाव

भारत और पाकिस्तान की सैन्य ताकत की जानकारी के बीच यह जानना भी अहम है कि एलओसी पर भी तनाव बढ़ रहा है। पाकिस्तान की तरफ से सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका जवाब भारतीय सेना भी दे रही है। पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही इस बात का डर सता रहा है कि भारत कभी भी पीओके पर हमला कर सकता है। इसी वजह से पाकिस्तान की सेना भी अलर्ट मोड पर है और साथ ही सतह से सतह पर मार करनेवाली मिसाइल की भी टेस्टिंग की जा रही है। भारत ने भी कुछ मिसाइलों की सफल टेस्टिंग की है और आइएनएस विक्रांत को भी अरब सागर में तैनात कर दिया है। भारतीय सेना भी पूरी तरह से तैयार है। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होगा या नहीं, फिलहाल इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन जिस तरह से दोनों देशों के बीच तनातनी बढ़ रही है, वो युद्ध की ओर ही इशारा कर रही है। पीएम मोदी इस बार चुप बैठने वाले तो नहीं हैं। कुछ बड़ा जरूर होने वाला है।

---

## पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री की गीदड़भभकी

# सिंधु दरिया हमारा है, इसमें या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून : बिलावल भुट्टो

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा। भुट्टो ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि आप एक झटके में सिंधु जल समझौता को तोड़ दें। हम इसे



नहीं मानते हैं। हमारी अवाम इसे नहीं मानती। हजारों साल से हम इस नदी के वारिस हैं। बिलावल ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि भारत की आबादी ज्यादा है, वो यह नहीं तय कर सकते कि पानी किसका है। पाकिस्तान की अवाम बहादुर लोग हैं, हम डटकर मुकाबला करेंगे। सरहदों पर हमारी फौज हर हमले का जवाब देने को तैयार है। बिलावल ने कहा कि वे देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस बात का भरोसा दिलाना चाहते हैं कि अलग राजनीतिक दल होने के कारण भले ही उनकी राय अलग हो, लेकिन सिंधु जल संधि के मुद्दे पर वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

---

# सीमा पर तनाव, जम्मू-कश्मीर में मेडिकल इमरजेंसी लागू

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मेडिकल इमरजेंसी लागू की गयी है। सीमा पर चल रहे तनाव के चलते राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल जम्मू अलर्ट हो गया है। अस्पताल प्रशासन ने किसी भी प्रकार की स्थिति के लिए तैयार रहने और अपने स्टाफ को अनावश्यक छुट्टियां नहीं लेने को कहा है। डॉक्टर्स और स्टाफ की छुट्टियां कैंसिल कर दी गयी हैं। एक कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो 24/7 हालात पर नजर रखेगा। कंट्रोल रूम में कोई भी किसी भी




स्थिति पर 0191-2582355 और 0191-2582356 पर संपर्क कर सकता है।

---

# बांग्लादेश का भी पानी बंद करने का समय आ गया: निशिकांत दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पहलगाम आतंकी हमले से भारत वासियों का खून खौला हुआ है। इसी बीच भाजपा नेता सह गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने बांग्लादेश पर भी निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, बांग्लादेश भी बड़ा छटपट कर रहा है। उसको भी गंगा नदी का पानी बंद करने का समय आ गया है। पानी पीकर जीयेगा हमसे, गायेगा पाकिस्तान का। सांसद ने इस ट्वीट के साथ एक अंग्रेजी वेबसाइट की खबर का



स्क्रीनशॉट भी साझा किया है। इस स्क्रीनशॉट के साथ उन्होंने लिखा, गंगाजल इन पापियों को? निशिकांत दुबे ने जो रिपोर्ट साझा की है उस रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार डॉ आसिफ नजरूल ने हमले के एक दिन बाद ढाका में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सीनियर ऑपरेटिव इजहार से मुलाकात की थी। इससे ढाका शासन द्वारा भारत के खिलाफ उग्रवाद को संभावित समर्थन के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं। इजहार का बांग्लादेश से आतंकी हमलों की साजिश रचने का भी इतिहास रहा है। उसके हिफाजत-ए-इस्लाम से भी संबंध हैं। सांसद निशिकांत दुबे ने इससे पहले अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर तंज कसा था।






# पीएम ने 51 हजार युवाओं को जॉब लेटर दिया

- 15वें रोजगार मेला में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए पीएम, कहा- युवाओं के लिए अवसरों का समय
- 14वां रोजगार मेला 23 दिसंबर 2024 को हुआ था, जिसमें 71 हजार को जॉब लेटर दिये गये थे




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 15वां रोजगार मेला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51,000 से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा- यह युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रही है कि देश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते रहें। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 47 स्थानों पर किया गया।

भारत अर्थव्यवस्था में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि, 'भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।' उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल और फुटवियर इंडस्ट्री में प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट ने नये रिकॉर्ड बनाये हैं, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हुए हैं। प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी सराहा। उन्होंने कहा कि इस साल की यूपीएससी परीक्षा में शीर्ष पांच में से तीन टॉपर महिलाएं हैं। 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं काम कर रही हैं।

### रांची रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र, पीएम मोदी ने ऑनलाइन दी सभी को बधाई

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के नेतृत्व में 170 अभ्यार्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेला में झारखंड सहित देशभर के 51 हजार 236 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। शनिवार को रांची सहित देशभर में 47 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को बधाई देते हुए नागरिक सेवा को देव सेवा बताते हुए बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने ऑनलाइन संबोधन में नियुक्ति पाने वाले युवाओं से कहा कि उनके कार्य का मकसद केवल पद प्राप्त करना नहीं है, बल्कि पद भारत की सेवा करने और देश की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए है। पीएम नरेंद्र मोदी ने नियुक्ति पाने वालों में महिलाओं की संख्या देखकर प्रसन्नता जाहिर की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हाल ही में यूपीएससी द्वारा जारी रिजल्ट में टॉप पांच में तीन महिलाएं हैं।



**रांची के सीसीएल सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

रांची के सीसीएल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उपस्थित 170 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस रोजगार मेला में करीब तीन सौ झारखंड के युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए चिह्नित किया गया था। नियुक्ति पत्र पाने वालों में कल्पना कश्यप, रीतेश राज लकड़ा, श्याम सुंदर तिवारी, प्रियांशु विनायक, आनंद राज, बसंत मेहता, अर्पित सिन्हा, नवीन कुमार, रीतेश सिकरवार, सुरेंद्र उरांव सहित कई अभ्यार्थी शामिल थे। इन युवाओं को बैंक, इपीएफओ, केंद्रीय उत्पाद, रेलवे, पोस्टल विभाग सहित केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में पोस्टिंग दी गयी है।

इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह 15वां रोजगार मेला है। जिसके माध्यम से 47 स्थान पर देश के करीब 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का संकल्प पूरा हो रहा है। खास बात यह है कि रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र पाने वाले 51 हजार युवाओं में 28 प्रतिशत महिलाएं हैं। जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ के संकल्प को पूरा करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। क्योंकि पीएम मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं।

इस मौके पर नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों में काफी खुशी देखी गयी। रांची में सीजीएसटी में पोस्टिंग पाकर खुशी जताते हुए निशा सिंह कहा कि यह दिन उनके लिए खास दिन है। क्योंकि लंबे संघर्ष के बाद नौकरी पाने का अवसर मिला। वहीं लोहरदगा के सुरेंद्र उरांव ने बताया कि उनको एमटीएस में नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि रिजल्ट आने के बाद से ही प्रतीक्षा कर रहे थे, आखिरकार वह समय आ गया है, जब हम अपने सपने को पूरा करने में सफल हुए।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में सफलता, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे,निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे, नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।

**कर्क** नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।

**कन्या** समय अनुकूल है,आय के नये स्रोत मिल सकता है,परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी दूर होगी, सेहत में सुधार होगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। वाहन सुख, यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** खर्च अधिक होगा। किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परन्तु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

### बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर बाबूलाल ने साधा राज्य सरकार पर निशाना, बोले-

## वोट बैंक की लालच में झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में कथित बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर एक बार फिर हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए अब संथाल परगना से निकलकर कोल्हान क्षेत्र में भी तेजी से बस रहे हैं। उन्होंने लिखा, पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया के एक गांव में जहां पहले कोई मुस्लिम परिवार नहीं था, वहां अब तीन हजार मुस्लिम बच्चों के आधार कार्ड बन गये हैं। यह झारखंड की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है।

बाबूलाल मरांडी ने अपने पोस्ट में आगे लिखा है कि मस्जिद-मदरसों में घुसपैठिये को शरण देकर उनका अवैध दस्तावेज तैयार किये जाने की सूचना कई बार सामने आ चुकी है। इसके बावजूद हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच रुकवाने सुप्रीम कोर्ट तक चली जाती है।

उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति और सत्ता के लालच में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। बाबूलाल मरांडी ने बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसक घटनाओं का हवाला देते हुए आशंका जतायी कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाये गये, तो झारखंड में भी ऐसे हालात उत्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा राज्य की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपनी निर्णायक लड़ाई जारी रखेगी। गौरतलब है कि बाबूलाल मरांडी का यह बयान ऐसे समय आया है जब पूरा देश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आक्रोशित है, जिसमें आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों की पहचान पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी।

**मंत्री हफीजुल हसन और आतंकवादियों की सोच में फर्क नहीं : बाबूलाल मरांडी**

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य



सरकार के मंत्री हफीजुल हसन पर तीखा हमला बोला है। मरांडी ने कहा कि मंत्री ने हाल ही में संविधान से ऊपर शरिया कानून को मानने की बात कही थी। मंत्री ने यह भी कहा था कि 'मुसलमान सब्र में है, कब्र में नहीं', और 'सड़क पर उतरेगा तो मारकाट होगी'। मरांडी ने आरोप लगाया कि यही सोच पहलगाम में आतंकवादियों ने अपनायी थी। उन्होंने बताया कि वहां आतंकवादियों ने पर्यटकों से धर्म पूछकर हिंदुओं को उनके परिवार के सामने गोलियों से भून डाला था।

## भाजपा देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है, स्पष्ट करे: विनोद कुमार पांडेय

**जब केंद्र में भाजपा की सरकार पिछले दस-ग्यारह वर्षों से है, तो अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के आरोपों का पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को किस दिशा में ले जाना चाहती है। पांडेय ने जोर देकर कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना – लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, साम्यवाद, गणराज्यवाद, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता – को बनाये रखना हर दल का दायित्व है, जिसे संविधान की प्रस्तावना में सुंदर ढंग से व्यक्त किया गया है।

पांडेय ने भाजपा पर धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की जनता अब समझने लगी है कि भाजपा किस प्रकार चुनावी लाभ के लिए समाज में विभाजन करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार और बंगाल में आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा एक बार फिर अपनी घृणित सांप्रदायिक राजनीति को हवा देने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता ने झारखंड में हाल ही में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि सांप्रदायिकता की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। झारखंड में घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा द्वारा मचाये जा रहे शोर को पांडेय ने चुनावी प्रोपेगेंडा करार दिया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में भाजपा की सरकार पिछले दस-ग्यारह वर्षों से है, तो अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। इसके बावजूद अगर घुसपैठ की घटनाएं हो रही हैं, तो इसका जवाब केंद्रीय गृह मंत्रालय को देना चाहिए।

पांडेय ने हालिया पहलगाम घटना का हवाला देते हुए कहा कि सुरक्षा में हुई चूक की जिम्मेदारी तय करने के बजाय भाजपा धर्म की आड़ लेकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस प्रपंच को समझें और संविधान की मूल भावना को बनाये रखने के लिए एकजुट रहें।

### शहीद परिवार के आंसुओं से द्रवित हुए सुदेश, पाकिस्तान प्रायोजित आतंक को दी चेतावनी, कहा-

## मनीष रंजन की शहादत को कभी भुलाया नहीं जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद मनीष रंजन के अंतिम संस्कार के दूसरे दिन, झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने झालदा पहुंचकर शहीद के परिवार से भेंट की और गहरी संवेदना व्यक्त की। श्री महतो ने शहीद मनीष रंजन के परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा, 'यह सिर्फ एक परिवार का नहीं, पूरे झारखंड का दुख है'। शहीद मनीष रंजन की शहादत को कभी भुलाया नहीं जायेगा। आजसू पार्टी आपके साथ परिवार की तरह मजबूती से खड़ी है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सरकार से मिलकर शहीद के परिवार को हर संभव सहायता सुनिश्चित की जायेगी और मनीष रंजन की शहादत को सम्मान और न्याय दिलाने के लिए हर कदम उठाया जायेगा।



इस दौरान श्री महतो ने शहीद मनीष रंजन के दस वर्षीय पुत्र से भी मुलाकात की। भावुक क्षणों में उन्होंने बच्चे को सांत्वना देते हुए कहा, तुम अकेले नहीं हो; पूरे झारखंड और देश की जनता तुम्हारे साथ है। तुम्हारे पिताजी का बलिदान हमारे दिलों में अमर रहेगा। मीडिया से बातचीत करते हुए श्री महतो ने पाकिस्तान प्रायोजित इस आतंकवादी हमले की तीव्र निंदा करते हुए आक्रोशपूर्ण स्वर में कहा, अब धैर्य की सीमाएं टूट चुकी हैं। निदोर्षों के रक्त का हिसाब लिया जाना चाहिए। सरकार को निर्णायक और कड़े कदम उठाने चाहिए ताकि ऐसे कायरतापूर्ण हमलों का करारा जवाब दिया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि आजसू पार्टी शहीद के परिवार के साथ एक परिवार की तरह खड़ी रहेगी। इस मौके पर आजसू पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे, जिनमें – जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ, चितरंजन महतो, गौतम कृष्ण साहू, जलनाथ चौधरी, नमन ठाकुर, विज्ञान जी, जितेंद्र बड़ाइक, श्रीमती आरती देवी, आतिश महतो, राजेश महतो, अशोक साहू, अजय महतो, नीतीश महतो, कार्तिक महतो, विकाश महतो इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी नेताओं ने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस कठिन घड़ी में वे अकेले नहीं हैं।

## एक-एक आंसू का लिया जायेगा बदला: संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में देशभर में सामाजिक-राजनीतिक संगठनों के द्वारा आंदोलन का दौर जारी है। इन सबके बीच केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आतंकियों से हर आंसू का बदला लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह घटना क्षम्य नहीं है और यही वजह है कि दुनिया के सभी देश भारत के हर कदम का समर्थन करने को तैयार हैं। शनिवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए संजय सेठ ने कहा कि पहलगाम घटना से पूरा देश मर्माहत है। लोग चाहते हैं कि आतंक का खात्मा हो। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े शब्दों में इसकी निंदा करते हुए आतंकियों के खिलाफ बड़ी कारवाई की बात कही है।




**आइबी अधिकारी के परिजन से मिले संजय सेठ**

पहलगाम घटना में मारे गये 28 पर्यटकों में झालदा के रहने वाले आइबी अधिकारी मनीष रंजन भी शामिल थे। मूलरूप से बिहार के सासाराम के रहने वाले मनीष रंजन भी परिवार के साथ कश्मीर के पहलगाम गये। आतंकवादी घटना में शिकार होने के बाद मनीष रंजन का पार्थिव शरीर पिछले दिनों झालदा लाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इधर घटना के बाद मनीष रंजन के परिवार से शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मनीष रंजन की पत्नी बेहोश हैं और जिस तरह से परिवार वालों ने घटना के बारे में जानकारी दी, वह बेहद ही मर्माहत करने वाली घटना है। मनीष रंजन की पत्नी ने बच्चों को लेकर 12 किलोमीटर चलकर जैसे-तैसे अपने और बच्चों को बचाया। उन्होंने कहा कि आतंकियों के इस हरकत को देशवासी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे और हर आंसुओं का बदला देश की जनता लेना चाहती है।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, सात गंभीर

**भद्रकाली मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे श्रद्धालु**

**20 अप्रैल को हुई थी शादी, ससुराल आये दामाद के सामने सास, साली और नयी-नवेली दुल्हन की मौत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो गाड़ी के पेड़ से टकरा जाने से एक परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गयी और दो बच्चों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने पुलिस के सहयोग से उपचार के लिए सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ओड़िशा के राउरकेला का रहने वाले रश्मिकांत की शादी सदर थाना क्षेत्र के रखेद गांव निवासी सह झामुमो के जिला सचिव अमरदीप साहू की पुत्री आम्रपाली से 20 अप्रैल को शादी हुई थी। वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल रखेद गांव आया था। वह अपनी पत्नी सहित ससुराल के अन्य सदस्यों के साथ इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर पूजा अर्चना करने गये थे। सभी लोग पूजा अर्चना कर वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच इटखोरी-चतरा मुख्यमार्ग पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के गंधरिया गांव के समीप वाहन चालक के नींद की झपकी लेने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकरायी। जिसमें मां, बहन के साथ नयी नवेली दुल्हन की मौत हो गयी। जबकि घायल दामाद रश्मिकांत और एकलौता पुत्र राहुल कुमार की स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है। दामाद रश्मिकांत स्वयं गाड़ी चला रहा था। मृतकों में प्रीति कुमारी 24 वर्ष, पिंकी देवी 35 वर्ष और बिमला देवी 40 वर्ष शामिल है। इसी तरह घायलों में, पिया कुमारी, मानवी कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, रश्मिकांत साहू, रिमझिम कुमारी, राहुल कुमार का नाम शामिल है।

## हमले के तार झारखंड से जुड़े, कलंकित हुआ राज्य : विजय शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के तार झारखंड से जुड़ने से झारखंड कलंकित हुआ और झारखंडी समाज शर्मशार हुआ है। विजय शंकर नायक ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों एटीएस द्वारा झारखंड के धनबाद में सघन छापेमारी के दौरान चर्चित वासेपुर स्थित शमशेर नगर में एटीएस की टीम ने पति-पत्नी समेत चार को हिरासत में लेकर गिरफ्तारी किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि आज झारखंड में बड़ी संख्या में आतंकी संगठन ने अपना स्लीपर सेल का जाल बिछा दिया है। नायक ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आज



स्थिति इतनी भयावह हो गयी है कि केंद्रीय जांच एजेंसी आतंकी घटना के बाद पहला निशाना झारखंड के रांची, लोहरदगा, जमशेदपुर, कोडरमा को ही रखती है और जांच में इसके सार्थक परिणाम भी आते रहे हैं। नायक ने आगे कहा कि आज आतंकी संगठनों का साफ्ट कार्नर झारखंड बनता जा रहा है। आतंकी संगठन सिमी के कुछ स्लीपर सेल यहां काफी सक्रिय बताये जा रहे हैं। झारखंड के साहिबगंज, पाकुड़, दुमका जिला में इनका मुखिया सक्रिय है।

**बांग्लादेशी घुसपैठियों पर आरोप :** नायक ने आरोप लगाया कि झारखंड में अवैध बांग्लादेश के लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार इन विषयों पर गंभीरता दिखाये नहीं तो झारखंड के लिए यह शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने भाजपा पर भी आरोप लगाया कि उन्हें सिर्फ झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए नजर आते हैं जबकि भाजपा की गुजरात सरकार में आज सूरत अहमदाबाद में करीब 500 से अधिक बांग्लादेश के निवासियों को गिरफ्तार किया गया जो उन्हें दिखायी नहीं दे रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
04

## चरही में 140 पेटी अवैध शराब जब्त



**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही पुलिस अपनी कामयाबी की ओर बढ़ते हुए शुक्रवार को एक कदम और सफलता अर्जित की है, जहां चरही थाना ने इससे पूर्व में 30 मार्च 2025 को वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार 20पेटी अवैध शराब बरामद करने में एक सफलता अर्जित किया था। वही शुक्रवार को एक सफलता और अर्जित करते हुए रात्रि 8:30 में चरही पुलिस ने रामगढ़ की तरफ से आ रही अरे की कर रहे आर्टिगा कार रजिस्ट्रेशन संख्या बी आर 01पी एल 0609 से रेकी कर लोगों से पूछताछ की जाने पर पता चला कि पिकअप बहन में अवैध शराब लोड कर बिहार में खपाने का काम किया करते थे। इस अवैध धंधे में संलिपित इस गिरोह में शामिल संदीप कुमार, उम्र 25 पिता कमल राय ग्राम जाफरपुर, छनपत्री राय, उम्र 30 पिता स्व. शीतल राय, ग्राम विशुन पुर, जितेश कुमार यादव, उम्र 27 पिता सतेन्द्र प्रसाद, ग्राम नासरीगंज जो तीनों दानापुर थाना पटना के रहने वाले हैं। वही अमरजीत कुमार उम्र 35 पिता गिरानी सिंह ग्राम पंचमहल थाना खिजसरये जिला गया का रहने वाला बताया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ की जाने पर पता चला पिकअप वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या बी आर 01जी एम 6294 में 140 पेटी अवैध शराब पकड़ी गयी जिसमें रॉयल चैलेंज 70 पेटी ब्लेंडर प्राइड 8 पेटी ईपीरियल ब्लू 17 पेटी रॉयल स्टैग का 25 पेटी और 20 पेटी पकड़ी गयी है। वहीं छापामारी दल में मुख्य रूप से रंजीत कुमार, अनिल रजक, अमित कुमार सिंह, विनोद कुमार पासवान, रमाशंकर पांडे, सतीश कुमार सिंह उपस्थित की टीम उपस्थित रही।

## कांग्रेस संगठन विस्तार को लेकर हुई बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को चंदवारा प्रखंड में पर्यवेक्षक के रूप में नवनीत ओझा बंटी ने प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल के आवासीय कार्यालय में संगठन विस्तार और उसकी कार्य प्रणाली को धारदार बनाने के लिए आवश्यक बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए नवनीत ने कहा कि संगठन तभी चलता है जब सब मिलकर साथ चलते हैं किसी भी समस्या के समाधान का मंत्र एकता है जो हम सभी को अपने दिल में उतारना है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड प्रभारी के रूप में के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी का निरंतर प्रयास है कि संगठन को कैसे धारदार बनाया जाये जिससे राज्य में सरकार को विकास के कार्यों में मजबूती प्रदान हो। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल ने कहा कि बहुत जल्द प्रखंड कमेटी, मंडल कमेटी और पंचायत समिति के पदाधिकारियों का गठन कर जिला कांग्रेस कमेटी को अनुमोदन के लिए सुपुर्द कर दिया जायेगा। बैठक में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और उत्तरी छोटानागपुर के प्रभारी मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के 28 अप्रैल को कोडरमा आगमन की तैयारी हेतु एक विस्तृत चर्चा भी की गयी। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अनवर, यूथ प्रखंड अध्यक्ष अनिल दास, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रामलखन यादव, अनुसूचित जाति के अध्यक्ष राजू दास, अर्जुन साव, प्रदीप सिंह, खुर्शीद आलम, मोती दास, राजेंद्र साहू, द्वारिका पासवान, संजय कुमार चंद्रवंशी, तुलसी दास, सद्दाम अंसारी, असगर अंसारी, पप्पू कुमार दास सहित चंदवारा प्रखंड के कांग्रेस सदस्य मौजूद थे।

## बड़कागांव में हिंदू एकता का महाजुटान आज

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हिंदू महासंगठन कर्णपुरा क्षेत्र बड़का गांव और विश्व हिंदू परिषद बड़कागांव के बैनर तले 27 अप्रैल को हिंदू एकता महाजुटान आयोजन गुरु खुट्टी कुशवाहा धर्मशाला प्रांगण में किया गया है। जहां सात बिंदुओं पर विचार विमर्श होना है। जिसमें 40 वर्षों से रुका हुआ महुदी रामनवमी शोभायात्रा पर चर्चा, हिंदुओं के भविष्य आगे कैसे सुरक्षित रहेगा पर चर्चा वह कैफ बोर्ड कानून का समर्थन पूरे देश में जिहादियों का इलाज कैसे किया जाये इस पर चर्चा, विगत 10 वर्षों से बड़कागांव में हिंदू धार्मिक पर्व त्योहार पर पत्थर बाजी करने वालों को कराय जवाब किस प्रकार दिया जाये। मिर्जापुर के सुनीता देवी पति अजय कुमार के असली हत्यारों को प्रशासन द्वारा सार्वजनिक उद्वेदन करवाने पर चर्चा, पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये हिंदू भाइयों को न्याय दिलाने हेतु कैंडल मार्च निकालने पर चर्चा किया जायेगा। इसकी जानकारी अध्यक्ष रामचरित्र प्रसाद, सचिव विकास कुमार, संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता मेहता ने संयुक्त रूप से दिया। इस अवसर पर संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता ने कहा है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जिस प्रकार से हिंदू नरसंहार और बहन बेटियों के साथ जो कुकर्म किया जा रहा है। हाल ही में मुर्शिदाबाद में हिंदुओं को पांच सौ घरों को जला दिया गया और मजबूरन वहां के हिंदू अपने घर जगह जमीन छोड़कर मालदा के एक स्कूल में शरण दिये हुए। पूरे देश में कहीं भी हिंदू सुरक्षित नहीं है और पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गहन विचार किया जायेगा, इन जिहादी मानसिकता को लेकर हिंदू महाजुटान कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव में हिंदू के एकजुट करना होगा। तभी हम हिंदू सुरक्षित रह सकते हैं।

## बीआरसी सीलवार में प्रखंड स्तरीय रुआर कार्यक्रम



**दारू (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र सीलवार में प्रखंड स्तरीय रुआर कार्यक्रम का आयोजित की गयी। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता,सदर उपप्रमुख रवि कांत सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रश्मि सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। रुआर कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन और उसके ठहराव पर बल देता है। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में प्रतिदिन किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी है, साथ ही इससे संबंधित गूगल लिंक भी भरा जाना है। राज्य स्तर से लेकर विद्यालय स्तर तक रुआर कार्यक्रम दिनांक 21/4/25 से लेकर 10/5/25 तक चलाया जाना है। बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव मेहता द्वारा कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुभकामना व्यक्त की गयी और हर प्रकार से सहयोग प्रदान करने की बात की गयी। उपप्रमुख रवि कांत सिंह द्वारा अपने कंधों पर भरोसा करते हुए सबके सहयोग की बात की गयी। नागेश्वर सिंह द्वारा बच्चों के नामांकन और ठहराव से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण और उपयोगी जानकारी दी गयी। सीआरपी अजय नारायण दास के द्वारा मंच संचालन किया गया और दैनिक गतिविधियों की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में बीआरपी रवि कुमार, ज्योति कुमारी, सीआरपी अजय नारायण दास, आनंद कुमार सिंह, संतोष प्रसाद, रंभा कुमारी, सुरेंद्र कुमार, चंद्र कुमार यादव, सीआरसी स्टाप अक्षय कुमार गुप्ता, अरुण पांडे, धीरेंद्र कुमार पांडे और सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक और दर्जनों की संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पूरी तरह बंद रहा हजारीबाग

- फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर ऐतिहासिक बंदी
- पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ हजारीबाग एकजुट
- सांसद और विधायक ने भी बंद का किया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए जघन्य आतंकी हमले में निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या ने समूचे राष्ट्र को गहरे आघात और पीड़ा में डुबो दिया है। इस अमानवीय और निंदनीय कृत्य के विरोध में और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए, फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, हजारीबाग के आह्वान पर शनिवार को एकदिवसीय बंद का आयोजन किया गया। सुबह से ही बंद का व्यापक असर देखा गया। शहर के पूरे दुकानें और प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहीं। व्यापारियों, उद्यमियों और आमजनों ने स्वतः बंद में भाग लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया।

**बाजार में सन्नाटा, जनाक्रोश चरम पर:** शनिवार सुबह करीब 9 बजे से ही चेंबर के पदाधिकारी और व्यापारीगण जुलूस के रूप में बाजारों में निकले। देखते ही देखते पूरा बाजार सन्नाटे में बदल गया। प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद कर दिये गये और व्यापारी जुलूस में सम्मिलित हो गये। चेंबर सदस्यों ने झंडा चौक पर जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया, जहां पाकिस्तान के खिलाफ उग्र नारों के साथ जनभावनाओं का विस्फोट हुआ। शहीदों अमर रहें, आतंकवाद मुदार्बाद जैसे नारों से समूचा वातावरण गूंज उठा। हर नागरिक के चेहरे पर आतंकवाद के खिलाफ गुस्सा और मृतकों के प्रति संवेदना साफ झलक रही थी।

**सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद का समर्थन:** हजारीबाग के लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी बंद का पूर्ण समर्थन किया। सांसद अपने झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय और विधायक अपने झांझरिया पुल स्थित विधायक सेवा कार्यालय को पूर्णतः बंद रखा। कार्यालय के सभी कर्मचारी चेंबर के आह्वान के समर्थन में रहे। सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद ने संदेश प्रेषित कर कहा की आतंकवाद के विरुद्ध हम सभी एकजुट हैं। निर्दोष सैलानियों की हत्या मानवता पर हमला है।

### पूरा शहर बंद, आम लोगों ने भी दिया समर्थन

दोपहर तक टोलियों में लोग शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे और दुकानों को बंद करने का आह्वान करते रहे। हर छोटे-बड़े प्रतिष्ठान, मॉल, शोरूम, ठेले-पटरी व्यवसाय तक ने स्वतःस्फूर्त बंदी में भाग लिया। हजारीबाग बाजार का हर कोना इस एकजुटता का साक्षी बना। चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की पहलगाम की घटना ने समूचे मानवता को झकझोर दिया है। निर्दोषों की हत्या को हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर सकते। आज का हजारीबाग बंद इस बात का प्रतीक है। चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर और उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल ने कहा की हजारीबाग की जनता ने आज यह साबित कर दिया कि वह हर राष्ट्रविरोधी गतिविधि के विरुद्ध खड़ी है।

### कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर ने की प्रेस वार्ता

# जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन 4-10 मई तक

- कांग्रेस की राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली 3 मई को रांची में

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** कृष्ण वल्लभ आश्रम में शनिवार को झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने प्रेस को संबोधित किया। जिसमें मुख्य रूप से उन्होंने बताया की केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक मूल्यों के बेतुके उल्लंघन और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से केंद्रीय एजेंसी के खुले तौर पर हथियारबंद किये जाने, संघीय सिद्धांतों के बार-बार अतिक्रमण और बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और बढ़ती असमानता पर सरकार किस शर्मनाक उपेक्षा के खिलाफ एक शक्तिशाली जनआधारित राजनीतिक प्रतिरोध का प्रतीक है। संविधान के प्रति एक घोर अपमान की भावना से न्यायपालिका को भी अब अप्रत्यक्ष धमकियों और दबाव की रणनीति से शिकार बनाया जा रहा है जो बढ़ती तानाशाही का स्पष्ट संकेत है। इन्होंने कहा कि राज स्तरीय संविधान बचाओ रैली 3 मई को रांची में पुराने विधानसभा धुर्वा मैदान में आयोजित की गयी है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के केंद्र स्तरीय नेता, प्रदेश स्तरीय नेता, विभिन्न जिला के पदाधिकारी और भारी संख्या में जनता की भागीदारी होगी। इसके बाद जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां 4 मई से 10 मई तक प्रत्येक जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया जायेगा। इस कार्यक्रम के बाद विधानसभा स्तरीय संविधान बचाव रैली 11 से 17 मई तक हर विधानसभा मुख्यालय में सुनिश्चित किया गया है। इसके बाद 20 मई से 30 मई तक घर-घर जन संपर्क अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में लगातार उन्मुख मुद्दों को उजागर किया जाना चाहिए जो हमारे गणतंत्र की सुरक्षा के लिए खतरा है मोदी सरकार द्वारा संविधान और स्वतंत्र संस्थानों पर लगातार किये जा रहे हैं हमले केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से पार्टी नेतृत्व के खिलाफ सत्ता का खुला दुरुपयोग और महंगाई व रोजगार सृजन में सफलता ने देश को गंभीर संकट में धकेल दिया है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, सेवादल के जिला अध्यक्ष गुड्डू सिंह, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, रजी अहमद समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## गर्मी से बचाव को लेकर शिविर आयोजित

**जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डीवीसी केटीपीएएस कोडरमा नैगम समाजिक दायित्व अंतर्गत ग्राम गांधी नगर मध्य विद्यालय के प्रांगण में सामान्य स्वास्थ्य और गर्मी से बचाव को लेकर शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 217 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया। मौके पर डॉ रवि कुमार ने लोगों को बताया कि बिना काम के घर से बाहर नहीं निकलें, अगर निकलें तो पूरा शरीर ढक कर निकलें। भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करें, खीरा, ककड़ी, तरबूज, छाछ का सेवन करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक प्रबंधक कुलदीप राम, मेडिकल टीम में त्रिभुवन, अशोक कुमार, सहीया दीदी सरिता, अंजलि, बबली सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।**

# जयनगर में आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गौतम कुमार के निर्देशानुसार जयनगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में आकांक्षी प्रखंड फेलो, बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मी और महिला प्रवेक्षिका शामिल रहे। निरीक्षण में अलग-अलग पंचायतों से कुल 15 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र स्वर्णकार मोहल्ला जयनगर कोड संख्या-30 को सुबह 8:50 बजे बंद पाया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने संबंधित आंगनबाड़ी के सेविका, सहायिका और पोषण सखी के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बढ़ती गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को विशेष निर्देश दिये गये कि बच्चों को समय-समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और केंद्रों में साफ-सफाई और बच्चों के देखभाल और शिक्षा पर विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य संचालन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना। बाल विकास परियोजना कार्यालय ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को समय पर केंद्र संचालन और सेवाओं के सुचारु क्रियान्वयन हेतु सख्त निर्देश जारी किये हैं।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया।** शनिवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल हो गये। जिसमें पिकअप वाहन के चालक की हालत गंभीर है। शनिवार की सुबह बेनी पुल के सड़क दुर्घटना में ओमनी मारुती के चालक मो सिराज घायल हो गया। टाटीझरिया में इलाज किया गया। लोगों ने बताया कि ओमनी मारुती रामगढ़ से मधुपुर जा रही थी इसी दौरान बेनी पुल के पास ट्रक के चमका देने से घटना घटी। दूसरी घटना शनिवार के दोहपर 12 बजे टाटीझरिया के दूधमटिया के नजदीक घटी। जिसमें छह लोग घायल हो गये। पिकअप वाहन के चालक की हालत गंभीर हो गयी। सभी घायलों को ग्रामीणों और पुलिस के मदद से अस्पताल हजारीबाग भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दूधमटिया के समीप शनिवार दोपहर 12 बजे पम्मी यात्री बस और पिकअप के बीच आमने-सामने से जोरदार टक्कर हुई। जानकारी के मुताबिक टाटीझरिया से हजारीबाग की दिशा में जा रहे पम्मी यात्री बस और सामने की दिशा से आ रहे पिकअप का दूधमटिया के पास आमने-सामने में भिडंत हो गयी। इस हादसे में पिकअप चालक और सवार 2 लोग और यात्री बस का चालक और आगे बैठे 4 लोग घायल हो गये हैं। इनमें से पिकअप चालक की हालत गंभीर है। पिकअप कटकमसांडी के बहिमर निवासी भोला यादव के घर से बेटी की शादी में दिये गये पलंग, अलमीरा, डाइनिंग टेबल, बक्सा आदि सामान लेकर दूधमटिया निवासी कार्तिक यादव के घर आ रहा था। गंतव्य तक पहुंचने के महज 200 मीटर पहले उसकी बस से टक्कर हो गयी। इसमें पिकअप चालक असधीर निवासी विशाल कुमार (22 वर्ष), बहिमर निवासी रंजीत यादव (17 वर्ष) पिता दिलचंद यादव, कंचनपुर निवासी अभिषेक गौरव (24 वर्ष) पिता विजय प्रसाद घायल हो गये। बस और पिकअप की टक्कर इतना भयंकर था कि पिकअप चालक को काफी मशक्कत के बाद वाहन से निकाल कर उसे 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा सका। उसकी हालत गंभीर है। प्रत्यक्षदर्शी विष्णुगढ़ निवासी शेखर सुमन ने बताया कि दुर्घटना में बस के सीसे की तरफ से चालक सडक पर गिरकर लहूलुहान हो गया। उसी हालत में वह घटनास्थल से भाग निकला। बस में सवार गिरिडीह की नफीस बानो (60 वर्ष) पति असगर अली समेत 3 सवारी घायल हो गये हैं। हादसे में दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया सुरेश यादव, राजू यादव, विकास यादव, प्रकाश गुप्ता, शंकर कुमार, सत्यम सिंह, मुकुंद यादव, सुमन साव आदि, टाटीझरिया थाना के एसआइ पवन कुमार, एएसआइ रामप्रवेश राय, सोनेराम हेंब्रम, संजय कुमार और राहगीरों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया है।

## नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** श्री श्री 1008 रूद्र चंडी नौ दिवसीय महायज्ञ सफलता को लेकर प्रखंड के बरियठ गांव में भूमि पूजन और ध्वजारोहण किया गया। पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरुआत एक मई को जल यात्रा के साथ होना है। शनिवार को पुरोहित धर्मेंद्र शास्त्री ने यज्ञ की सफलता के लेकर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण कर क्षेत्र के समृद्धि का कामना किया। पुजारी परमेश्वर मेहता, प्रदीप प्रसाद मेहता ने विधि विधान से सारे कार्य पूरा किया। इस उपरांत बाजे गाजे, डीजे और जयकारा के बीच शोभायात्रा निकाली गयी। सर पर जय श्रीराम का पट्टा और पीला वस्त्र धारण किये श्रद्धालुओं को जयकारा से बरियठ समेत अन्य गांव गूंज उठा। शोभायात्रा संपूर्ण बरियठ गांव के भ्रमण कर जयकारे के बीच देवी मंडप मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया। शोभायात्रा में दूसरे जगह से आये अतिथि, यज्ञ कमेटी, देवी मंडप निर्माण कमेटी, गांव के गणमान्य-बुद्धिजीवी, महिला, पुरुष शामिल थे।

## मलेरिया से बचाव के लिए बीएलटीएफ की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक के सभाकक्ष में मलेरिया से बचाव हेतु बिएलटीएफ की बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीडीओ संतोष कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सीडीपीओ नीलू रानी, भाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, बीपीएम यूनिट और कार्यालय कर्मी उपस्थित हुए। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मृत्युजय कुमार एवम एमटीएस संत कुमार के द्वारा मलेरिया से संबंधित जानकारी दी गयी। यह भी बताया गया कि एएनएम, बीटीटी, सहिया साथी एवम सहिया के माध्यम से सभी गांव में जन जागरूकता का प्रोग्राम चलाया जा रहा है और सभी स्कुलो में विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। साथ से 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जन समुदाय को मलेरिया से बचाना और सुरक्षा देना है। मौके और बीपीएम अनीता तिर्की, अकाउंट मैनेजर रत्नेश सिंह, केमिस्ट रमेश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पेड़ों की कटाई से ग्रामीण आक्रोशित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टीबरियातू कोयला खनन परियोजना क्षेत्र से महज 70 मीटर की दुरी पर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्थित है जहां सैकड़ों छात्र छात्रा शिक्षा ग्रहण करते हैं। खनन कर रही ऋत्विक कंपनी के द्वारा गुरुवार रात्रि लगभग 600 पेड़ों की कटाई किये जाने से शनिवार को जोरदाग गांव के ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधी व खनन कार्य में लगे मशीनों को साइट करवा कर धरने में बैठ गये हैं। ग्रामीणों का कहना है एनटीपीसी द्वारा विधालय में पढ़ रहे बच्चों के लिए अभी तक विधालय और कहि स्थानांतरित नही किया और एनटीपीसी विधालय तोड़वाना चाह रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विधालय में पढ़ रहे स्कूल के छात्र खतरनाक परिस्थितियों में पढ़ने को मजबूर हैं, क्योंकि पास की कोयला खदान से रोजाना विस्फोट होने से उनकी सुरक्षा को खतरा है और उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। फिलहाल मॉर्निंग टाइम विद्यालय संचालित होने से बच्चे में कुछ राहत मिली है परंतु कोयला खदान से सिर्फ 70 मीटर की दूरी पर स्कूल के चलने से बच्चे डर के साये में पढ़ने को विवस है। बता दे कि जोरदाग अपग्रेडेड मध्य विद्यालय में 242 छात्र नामांकित हैं, जिन्हें खनन विस्फोट होने पर अक्सर अपने दरवाजे बंद करने पड़ते हैं या अपनी कक्षाएं छोड़नी पड़ती हैं क्योंकि इससे स्कूल की इमारत में कंपन होता है। छात्र ने कहा, हम हर दिन पढ़ने के लिए स्कूल आते हैं लेकिन हमेशा डर के साये में रहते हैं। उन्होंने आगे कहा ब्लास्टिंग के दौरान हमें अपनी पढ़ाई रोकनी पड़ती है और हममें से कुछ लोग कमरों से बाहर भाग जाते हैं। एनटीपीसी की खदानों में ब्लास्टिंग ऑपरेशन के दौरान छात्र अपने कान ढक लेते हैं और हममें से कई लोग डर के मारे चिल्लाने लगते हैं। स्कूल के पास खनन कार्य अप्रैल 2022 में शुरू हुआ था। स्थानीय लोगों ने इस स्थिति पर नाराजगी जतायी है। स्कूल सचिव भुनेश्वर राम ने चेतावनी दी कि अगर संस्थान को जल्द ही स्थानांतरित नहीं किया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। खनन कंपनी एनटीपीसी ने कहा कि स्कूल को स्थानांतरित करने की उसकी योजना चल रही है। वहीं स्थानीय मुखिया महेश साव को कहना है कि बच्चे के साथ के खिलवाड़ करना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## पहलगाम में आतंकी हमला मामले में एटीएस ने कोडरमा में की छापेमारी, एक युवक हिरासत में

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट पर है। आतंकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी सिलसिले में एटीएस की टीम ने शनिवार की सुबह प्रतिबंधित संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धनबाद व कोडरमा में छापेमारी की। बताया जाता है कि धनबाद के चर्चित वासेपुर स्थित शमशेर नगर में एटीएस की टीम ने छापेमारी करते हुए पति-पत्नी को और कोडरमा थाना अंतर्गत दर्जीचक से भी एक युवक को हिरासत में लिया गया है। उक्त युवक का नाम सहजाद बताया जा रहा है जिसे एटीएस की टीम अपने साथ लेती गयी। उक्त युवक धनबाद का रहनेवाला है जो शुक्रवार की शाम ही कोडरमा दर्जीचक स्थित अपने फूफा के घर आया था। छापेमारी के दौरान धनबाद में दंपति के घर से कई धार्मिक किताबें और अन्य दस्तावेज भी बरामद किये गये हैं। एटीएस की टीम ने आयान और उसकी पत्नी शबनम को हिरासत में लिया है। एटीएस की टीम अब तक आयान जावेद, युसूफ और कौशर समेत पांच लोगों को हिरासत मे लेकर पुछ ताछ कर रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी आतंकी घटना के बाद झारखंड के रांची, लोहरदगा, जमशेदपुर, कोडरमा को निशाना पर रखती है। कोडरमा के दर्जी चक में एटीएस की छापेमारी और गिरफ्तारी के बाबत कोडरमा थाना प्रभारी अरविन्द कुमार ने बताया कि एटीएस के द्वारा छापेमारी की जानकारी मिली है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 को

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्टेट बैंक झुमरीतिलैया शाखा ओआरसीएच आइडी के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 अप्रैल को ब्लाक रोड स्थित शाखा परिसर में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी एसबीआइ शाखा के मुख्य प्रबंधक अमर कुमार सिंह ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि रांची की चिकित्सकीय टीम शामिल रहेगी। जिसमें ब्लड, शुगर, बीपी आदि की निशुल्क जांच होगी तथा चिकित्सकों के द्वारा परामर्श भी दिया जायेगा। उन्होंने ग्राहकों और आम लोगों से इस शिविर में शामिल होने की अपील की है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## स्कूल में पहलगाम घटना पर शोकसभा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आरएच पब्लिक स्कूल, बुढ़ाखाप में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये भारतीय पर्यटकों के लिए शोकसभा आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान हेतु उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धासुमन किया। साथ ही, दो मिनट का मौन रखकर शोक सभा की। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक संतोष कुमार महतो ने घटना की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कहा कि दुख की घड़ी में विद्यालय परिवार पीड़ित परिवारों के लिए खड़ा है। इधर, चेयरपर्सन प्रीति कुमारी ने आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जबकि प्रिंसिपल सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि धर्म पूछ कर निर्दोष पर्यटकों को मौत का घाट उतारना, यह निन्दनीय अपराध है। उन्होंने मृतक के परिजनों के प्रति संवेदनाए प्रकट की है। इस अवसर पर शिक्षक घनश्याम महतो , कौलेश्वर महतो, विकास कुमार, शिवप्रसाद, देवन्ती कुमारी , कविता कुमारी, पबिता कुमारी, रेखा कुमारी, शहनाज प्रवीण, संगीता कुमारी किरण कुमारी, लक्ष्मी, अंजु कुमारी, सुशीला कुमारी, ममता कुमारी, बबीता कुमारी समेत कई शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी शामिल रहे।

## चतरा जिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा कमेटी का गठन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को सिमरिया प्रखंड किसान भवन में चतरा जिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आंदोलनकारी नेता शिव शंकर यादव ने किया। जिसमें कर समिति से कैलाश सिंह को जिला अध्यक्ष, जिला सचिव सुगन साव, जिला सह सचिव राजेंद्र प्रसाद कसेरा, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मित्तल, जिला प्रवक्ता राज किशोर कमल उर्फ. पिंकू, जिला मीडिया सेल प्रभारी कमलापति पांडे उर्फ बबलू दुबे, उपसचिव मोहम्मद माजिद, उपाध्यक्ष शिव शंकर यादव, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार पांडे, अशोक साव, संतोष नायक, राकेश यादव, कालेश्वर कुशवाहा, भीमसेन साहू, उषा देवी और जैतून निशा को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य 24 आंदोलनकारी में बलदेव साव, गणेश राणा, सुनील कुमार, खिरु महतो, महेश साहू, अरुण राम, ललित राम, राजकुमार पासवान, जय नारायण प्रसाद, प्रभु साव, बैरिया देवी, शांति देवी, कुंती देवी, शिव नारायण साहु, मालती देवी, गोपाल प्रसाद साहू, तिलक महतो, बलदेव पासवान, बंधन गंझु, उर्मिला देवी, सविता देवी, पोखन साव, किशुन उरांव को बनाया गया सभी को माला पहनकर स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मित्तल ने और जिला प्रवक्ता आज किशोर कमल ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को सम्मान मिलना चाहिए और उन्होंने कहा कि पूरे चतरा जिले में संगठन को धार धार बनाना है और भ्रष्टाचार खिलाफ आंदोलन भी करना है इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारी मौजूद रहे।

## तीन माह से फरार रोजगार सेवक के कार्यालय का ताला तोड़ा गया



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोबना पंचायत के रोजगार सेवक राकेश कुमार रंजन तीन माह से पंचायत कार्यालय से फरार हैं। जिससे मनरेगा योजना में मजदूरों का भुगतान सहित अन्य योजनाओं का प्रगति कार्य बाधित है। कार्य बाधित को देखते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहुर आलम के आदेशानुसार 15वें वित्त के कनीय अभियंता दीपक कुमार को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया। मुखिया बब्लू मेहता, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक सुखराम उरांव, पंचायत सचिव तारामणि खलखो की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए पंचायत कार्यालय का ताला तोड़ा गया और कार्यालय में मौजूद सभी रजिस्टर पंजी सहित अन्य कागजातों की सूची बनाकर नावाडीह पंचायत क वर्तमान रोजगार सेवक मनोज कुमार को कोबना पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिला गया ।इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और अन्य लोग मौजूद थे। विदित हो कि वित्तीय अनियमितता और कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में फरार पंचायत सेवक राकेश कुमार रंजन के विरुद्ध हंटरगंज थाना में मामला दर्ज कराया गया और उसे पंचायत के कार्य प्रभार से निलंबित कर दिया गया ।

## बैक टू स्कूल कार्यशाला का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड स्तरीय बैक टू स्कूल अभियान रूआर 2025 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर विधायक ममता देवी, बीडीओ डॉ सुधा वर्मा, सीओ समरेश भंडारी, प्रमुख गीता देवी ने ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि समग्र शिक्षा का मुख्य लक्ष्य 6 से 18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण करना मुख्य उद्देश्य है। इस आयुवर्ग के सभी बच्चों को शिक्षित करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को पुन: वापस लाना और नियमित शिक्षण कार्य में उत्साह पूर्वक शामिल किया जाना है। इसके मद्देनजर विद्यालय स्तर पर एक अभियान स्कूल रूआर, कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, अभियान 25 अप्रैल से 10 मई तक आयोजित किया जायेगा। बताया गया कि प्रबंधन समिति, शिक्षक, पंचायत प्रतितिधि, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी और अन्य कर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यकता है। तभी अभियान सफल हो पायेगा।

### रोटरी रामगढ़ सिटी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आधिकारिक दौरे पर पहुंचे रामगढ़

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

**कम समय में रोटरी रामगढ़ सिटी ने अपने कार्यों से अलग पहचान बनाई: बिपिन चाचन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** रोटरी रामगढ़ सिटी का 3250 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विपिन चाचन ऑफिशयल विजिट पर रामगढ़ पहुंचे। इसे लेकर शुक्रवार की देर रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वावधान में देर शाम शहर के थाना चौक स्थित होटल शिवम में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ बिपिन चाचन, फर्स्ट लेडी शिल्पी चाचन, रीजनल डायरेक्टर मुकेश बोंदिया, असिस्टेंट गवर्नर बिनय अग्रवाल, अध्यक्ष अनिल गोयल, सचिव सूरज अग्रवाल, चार्टर अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया, पूर्व अध्यक्ष रूपेश गुप्ता और हरीश चौधरी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत अध्यक्ष, सचिव ने अतिथियों को अंगवस्त्र और श्रीफल दे कर स्वागत किया। वहीं, स्वागत भाषण अध्यक्ष ने दिया। जबकि, सचिव ने क्लब द्वारा किये गये कार्यों को विस्तार से रखा। ए जी विनय अग्रवाल और आर डी मुकेश बोंदिया ने रोटरी रामगढ़ सिटी की सरहाना की।

**कम समय में रोटरी रामगढ़ सिटी ने अपने कार्यो से अलग पहचान बनाई: बिपिन चाचन:** समारोह को संबोधित करते हुए डीजी बिपिन चाचन ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सिटी बहुत कम समय में डिस्ट्रिक्ट 3250 में अपना अलग पहचान बनायी है। क्लब द्वारा किये गये कार्यो की खूब प्रशंसा की। वहीं, फर्स्ट लेडी शिल्पी चाचन ने क्लब के द्वारा चलाए जा रहे सहेली सेंटर की सराहना करते हुए कहा की महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्लब बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने क्लब की महिलाओं को आगे बढ़ चढ़ कर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि:** समारोह के अंत में अध्यक्ष और सचिव ने मंचासीन अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गये लोगों को 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दिया गया। मंच का संचालन वरुण बगढ़िया ने किया। जबकि, धन्यवाद ज्ञापन राजेश अग्रवाल ने दिया।

कार्यक्रम में चार्टर प्रेसिडेंट उमेश राजगढ़िया, रूपेश गुप्ता, भरत गोयल, हरीश चौधरी, राजकुमार अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, डॉ राहुल बेरलिया, आदर्श चौधरी, रोहित पंसारी, दीपक खंडेलवाल, विकाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, किशन बंसल, मनोज मोदी, नीरू गोयल, नेहा अग्रवाल, सुमन चौधरी, श्वेता बगड़िया, अनीता राजगढ़िया, स्वाति पंसारी, बिनीता गुप्ता, डॉ नीति बेरलिया, प्रियंका, संतोष, स्वीटी, निशा मोदी, निधि चौधरी, ज्योति गोयल, आशा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।

# गिद्दी में अनिश्चितकाल चक्का जाम आंदोलन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिद्दी/ सिरका।** सीसीएल रेलीगढ़ा परियोजना में रोड सेल में रोजगार और हक, अधिकार को लेकर भाकपा माले, बिहार कोलयरी कामगार यूनियन, सीएमडब्लू यूनियन के द्वारा शनिवार से एक साथ अनिश्चितकाल चक्का जाम आंदोलन आरंभ किया गया। इस दौरान रैली गड़ा कोलरी से ट्रांसपोर्टिंग को पूरी तरह ठप किया गया। कोलयरी का ओबी, कोयला उत्पादन चालू रहा। अवसर पर सभी भाकपा माले बीसीकेयू, सीएमडब्ल्यू यूनियन, रैविमो और सेल मजदूरों ने प्रबंधन के दोहरी नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इस संबंध में भाकपा माले जिला हजारीबाग सचिव पच्चू राणा ने कहा कि बीते 21 अप्रैल को भी सीसीएल प्रबंधन अरगड्डा क्षेत्र से ई-ऑक्शन डीओ लगाकर रेलीगढ़ा, गिद्दी, सिरका लोकल सेल चालू करने की मांग की गयी थी। जिसमें करीब 15 हजार सेल मजदूरों को रोजगार मिल पाता। लेकिन हम लोगों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण पहले चरण में रेलीगढ़ा परियोजना से आंदोलन आरंभ किया गया है। जिसके तहत सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र मजदूर विरोधी नीति, पावर प्लांट व लोकल सेल गाड़ी लगाने, रैविमो और मजदूरों को लोडिंग का काम देने की मांगे हैं, मजदूरों को वक्त राजेंद्र गोप, आरडी मांझी, सुंदरलाल बेदिया, पच्चू राणा, अजीत प्रजापति, शाहिद अंसारी, इस्लाम अंसारी, महेश बेदिया, धनंजय सिंह, कैलाश महतो, अमित राणा आदि ने संबोधित किया। समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन की कोई भी अधिकारी आंदोलनकारी से मिलने नहीं आए थे चक्का जाम आंदोलन जारी था, आंदोलनकारियो ने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने पर आगे आंदोलन को रेलीगढ़ा, गिद्दी, सिरका में और वृहद बनाया जायेगा। मौके पर तुलसीदास मांझी, प्रभु गोप, मनीषा किस्कू आजाद अंसारी, यूनिस अंसारी, उमेश राम, बृजलाल राम, हरि प्रसाद, रामकिशुन, कार्तिक टुडू, रस्का मांझी, पोगरो मुंडा, अशोक उरांव, लालदेव महतो, गणेश मांझी, प्रभाकर मांझी, चमन गंझू, संझुल मांझी, मनिजर महतो, शिवदयाल बेदिया, दिनेश बेदिया, बहादुर बेदिया समेत रैलियों व सेल मजदूर उपस्थित थे।

### बरका सयाल क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण

# 90 लाख टन कोयला उत्पादन करने पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** सीसीएल बरका सयाल प्रक्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं का शनिवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदू कुमार सिंह ने निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह व विभिन्न परियोजनाओं के परियोजना पदाधिकारी और अधिकारी भी साथ में मौजूद रहे। वहीं सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदू कुमार सिंह ने उरीमारी के न्यू बिरसा परियोजना, आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी, सयाल डी परियोजना अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने महाप्रबंधक और अधिकारीयों को जरुरी दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सीसीएल सीएडी ने कहा कि उनका यह दौरा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में बरका सयाल को दी गयी टारगेट के मुताबिक है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इस साल का यह पहला दौरा है। आगे उन्होंने वित्तीय वर्ष में आने वाले बरसात से पुर्व ही ओबी निकालने के लिए हर संभव प्रयास करने की महाप्रबंधक अजय सिंह को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बरसात से ही कोयला का संप्रेषण करने की बात कही। वहीं उन्होंने सयाल को मिले नौ मिलीयन टन कोयला उत्पादन करने पर जोर लगाने का आदेश दिया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिले लक्ष्य पर बरका सयाल कोयला उत्पादन व ओबीआर निकालने पर महाप्रबंधक अजय सिंह व उनकी टीम को बधाई दी। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आशा ही नहीं पुर्ण विश्वास है कि बरका सयाल क्षेत्र मिले लक्ष्य को जरूर हासिल करेगा।

### रॉयल एनफील्ड हंटर 350 की रामगढ़ कैंट में भव्य लॉचिंग

# आकर्षक डिजाइन के साथ सड़क पर उतरने को तैयार हंटर 350: श्रींजय मेवाड़

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** रॉयल एनफील्ड की नई पेशकश हंटर 350 का भव्य लॉचिंग आंजनेय ऑटोमोबाइल्स नई सराय स्थित रॉयल एनफील्ड के अधिकृत विक्रेता के शोरूम में किया गया। समारोह में ग्राहको ने मोटरसाइकिल से कवर हटाकर और केक काटकर बाइक को लॉच किया। नई हंटर 350, ख-सीरीज इंजन के साथ अब तक की सबसे हल्की रॉयल एनफील्ड बाइक है। इसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। जिसमें स्लिप असिस्ट क्लच, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट, डिजिटल + एनालॉग इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ड्यूल-चैनल अइर, 17-इंच स्पोर्टी व्हील्स और बेहतर सस्पेंशन शामिल हैं। यह बाइक कई आकर्षक रंगों, बेहतर राइड क्वालिटी और आकर्षक डिजाइन के साथ सड़क पर उतरने को तैयार है। पिछले 3 वर्षों में यह बाइक 5 लाख युवाओं की धड़कन बन चुकी है। नई मॉडल के लॉन्च के साथ ही इसके आकर्षक रंग, अत्याधुनिक फीचर्स, और पावरफुल इंजन के कारण यह युवाओं की पहली पसंद बन गयी है। आज 15 बाइकों की बुकिंग की गयी, जो कल से शुरू होकर एक सप्ताह के भीतर ग्राहकों को डिलीवर की जायेंगी।

शोरूम के निदेशक श्रींजय मेवाड़ ने लॉन्च के अवसर पर जानकारी दी कि ग्राहकों के लिए निम्नलिखित विशेष लॉच ऑफर उपलब्ध हैं। जिसमें कम डाउन पेमेंट पर आकर्षक फाइनेंस योजनाएं, रॉयल एनफील्ड राइडिंग गियर पर विशेष छूट नई हंटर 350 की बुकिंग, टेस्ट राइड्स, और बिक्री अब कल से अंजनेय ऑटोमोबाइल्स में उपलब्ध है। इस अवसर पर मिलिट्री के कई अधिकारी, बैंक के फाइनेंसर, मीडिया प्रतिनिधि, मुकेश सिंह, अमन सिंह, मुस्कान बानो, अजय सिंह, राजेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में एसी की कमी को लेकर डीसी को ज्ञापन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में एयर कंडीशनर की सुविधा न होने के कारण किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को अत्यधिक गर्मी में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों की इस गंभीर समस्या को उठाते हुए भाजपा नेता और सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ डीसी से अविलंब आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। श्री पुटूस ने आवेदन के माध्यम से रामगढ़ डीसी को इस समस्या से अवगत कराया है। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि मरीजों की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल, रामगढ़ के डायलिसिस सेंटर में आवश्यकता अनुसार शीघ्र एयर कंडीशनर लगाए जाने की आवश्यकता है। मरीजों के स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बताते चले कि सदर अस्पताल का डायलिसिस सेंटर कुछ महीने महीने पूर्व शुरू किया गया था, जहां वर्तमान में प्रतिदिन लगभग नौ किडनी रोगी डायलिसिस की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन गर्मी के कारण उन्हें गंभीर परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन से शीघ्र समाधान की अपेक्षा की जा रही है। श्री धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि मरीजों की सेवा ही सच्ची सेवा है। डायलिसिस सेंटर में उचित तापमान बनाए रखना मरीजों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन से आग्रह है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कर मरीजों को राहत प्रदान करें।

## जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने होटलों और मॉल में की छापामारी, लगाया जुर्माना



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निर्देशानुसार जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री के द्वारा कॉलेज गेट से ब्लॉक तक कोटपा 2003 के अंतर्गत छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान कोटपा अंतर्गत 6 और धारा 4 के अंतर्गत 8 दुकानदारों से 1500 रुपये का आर्थिक दंड वसूला गया। बहुत से दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया गया। होटल और मॉल में धूम्रपान निषेध का बोर्ड नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया गया। उन्हें प्रारूप दिया गया और उसे लगाने हेतु निर्देश दिया गया। तंबाकू दुकानदारों द्वारा साइनेज लगाया जाना अनिवार्य है। नहीं रहने पर 200 रुपए का आर्थिक दंड लिया जायेगा। छापेमारी में तम्बाकू नियंत्रण परामर्शी, फूड सेफ्टी कर्मी और रामगढ़ थाना का सहयोग रहा।

## बड़काचुंबा में पीसीसी पथ निर्माण कार्य शुरू



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के बड़काचुम्बा पंचायत अंतर्गत ऊंचरिंगा में जिला परिषद रामगढ़ डीएमएफटी फंड के तहत पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी, मुखिया राजेंद्र कुशवाहा, पंसस गुंजन देवी और मनोज महतो शामिल रहे। मौके पर आगत अतिथियों ने शिलापट का अनावरण कर, नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। उक्त पीसीसी पथ निर्माण कार्य काली महतो के घर से किशुन महतो के घर तक करीब एक किलोमीटर तक किया जाना है। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र का विकास के लिए सड़क का होना अनिवार्य है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, सांसद प्रतिनिधि विवेक गुप्ता, ज्यकिशोर महतो, संवेदक अनिकेत, गंगाराम ऋषि, मनोज गोप, योगेंद्र रजक, ललन शर्मा, छोटू साव, राजेश महतो, कालीचरण महतो, मनीष महतो, लखन साव, मुंशी महतो, राजेश महतो, तुलसी महतो, अमित महतो, महेश महतो, घनश्याम महतो समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**वैद्युतिक कार्य हेतू**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत / परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई– निविदा आमंत्रित की जाती हैं

**ई–निविदा संख्या: ELOP2025-02**

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** धनबाद मंडल के बरका सेक्शन ( बरकाकाना, टोरी, पतरातू खेलारी, बालूमाथ और बरवाडीह ) के क्रू लॉबीयों और बरकाकाना कण्ट्रोल की विभिन्य गतिविधियों की दो वर्षो (730) दिनों के लिए आउटसोर्सिंग। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 1,23,73,959.90/– **3. अग्रधन राशि :** 2,11,900/– **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि 14.05.2025 को 17:00 बजे एवं ई–निविदा का खुलना: बंद होने के बाद उसी दिन। **5. वेबसाईट का विवरण:** वेबसाईट www.ireps.gov.in विशेष: ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(विद्युत/परि.)
पूर्व मध्य रेल/ धनबाद

पीआर/0151/डीएचएन/टी/25–26

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**वैद्युतिक कार्य हेतू**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत / परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई– निविदा आमंत्रित की जाती हैं

**ई–निविदा संख्या: ELOP2025_03**

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** धनबाद मंडल के चोपन सेक्शन ( चोपन, कृष्णशीला, रेणुकुट, सिंगरौली और शक्तिनगर) के क्रू लॉबीयों और चोपन कण्ट्रोल की विभिन्न गतिविधियों की दो वर्षों (730) दिनों के लिए आउटसोर्सिंग। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 1,32,85,145.90/– **3. अग्रधन राशि :** 2,16,400/– **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि 14.05.2025 को 17:00 बजे एवं ई–निविदा का खुलना: बंद होने के बाद उसी दिन। **5. वेबसाईट का विवरण:** वेबसाईट www.ireps.gov.in विशेष: ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(विद्युत/परि.)
पूर्व मध्य रेल/ धनबाद

पीआर/0152/डीएचएन/टी/25–26

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 65 date 16.04.2025, I Aten Champi D/o. Late Martin Champi R/o Vill. Sidu, Post Jate, P.s.- Murhu, Dist.-Khunti, Jharkhand, do hereby solemnly affirm as under :-
1. That my new name is Aten Champi which is mentioned in my educational Certificate & Pan Card.
2. That in Adhar Card no. 9827 5108 1112 my name is written as Sonali Champi.
3. That This Affidavit is made for correction of my name as Aten Champi in my Adhar Card for Necessary Purpose.
4. That the statement made above are true and correct.
Sworn and signed at Ranchi on 16/04/2025.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 07 date 24.03.2025, I, Saraswati Devi wife of Makund Ravidas Resident Itkhori Karma, District Chatra, Jharkhand - 825408 do hereby solemny affirm and declare as follows :
1. That i am an indian Citizen.
2. That i am residing at my aforesaid address. 3. That my actural name is saraswati Devi mentioned in my Voter ID Vide No. MNK2332120. & Bank Account in SBI, Karma Branch & Gramin Bank Itkhori, Bhatre A/C No.- 22021855121 4. That my nike name Sahodri Devi has been interned in my Adhar Card by mistake. vide Adhar No. 2472 1647 6198 5. That my name saraswati Devi & Sahodri Devi is same and One Person. 6. That i will be know by my actual name saraswati Devi for ever and every where since today also i will do my signature in my further identify cation as such this affidavit.

# पाकिस्तान पर शिकंजा कसे भारत

पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारत ने कुछ सख्त कदम उठाये हैं। इनमें सबसे अहम है सिंधु जल समझौते को निलंबित करना। उरी में आतंकी हमले के बाद भारतीय पीएम ने कहा था कि सिंधु में जल और खून एक साथ नहीं बह सकते। इस बार सरकार इसी पर आगे बढ़ी है। हालांकि इतना काफी नहीं है। पुलवामा और पहलगाम जैसी घटनाओं से बचने के लिए ज्यादा निर्णायक और सटीक कदम उठाने की जरूरत है।

**टेरर फंडिंग :** भारत ने पुलवामा का जवाब बालाकोट से दिया था। वह अप्रत्याशित और साहसिक कदम था। हालांकि इसके बाद भी सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं हुआ। इसकी वजह है आतंकियों तक पहुंचने वाली वह सप्लाई चेन, जिसे पाकिस्तान चालू रखे हुए है। वह पिछले कुछ साल से गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। उसकी गाड़ी आइएमएफ और कुछ सहयोगी देशों के कर्ज से किसी तरह चल रही है। इसके बाद भी वह आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग का जुगाड़ कर लेता है। भारत को इसी फंडिंग को खत्म करना होगा।

**हथियारों पर रोक :** पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता चीन है। इस्लामाबाद अपने 81% हथियार पेइचिंग से लेता है। इसके बाद नंबर है अमेरिका का। इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल फिर भारत के खिलाफ किया जाता है। नई दिल्ली को इस बारे में दोनों देशों के साथ स्पष्ट बात करनी चाहिए। 2019 का उदाहरण भी दुनिया के सामने है, जब अमेरिकी रोक के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ एफ-16 का इस्तेमाल किया था। दुनिया को यह बताने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना को दी गयी एक भी गोली किसी टेरर कैंप में पहुंच सकती है।

> **अमेरिका और भारत के करीबी रिश्ते हैं। दूसरी ओर, चीन के साथ सीमा विवाद भले हो, लेकिन आर्थिक रिश्ते मजबूत हैं। 2024 में दोनों के बीच 118 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार हुआ और इसमें पलड़ा चीन की तरफ झुका हुआ है।**

**आर्थिक मदद न मिले :** अमेरिका और भारत के करीबी रिश्ते हैं। दूसरी ओर, चीन के साथ सीमा विवाद भले हो, लेकिन आर्थिक रिश्ते मजबूत हैं। 2024 में दोनों के बीच 118 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार हुआ और इसमें पलड़ा चीन की तरफ झुका हुआ है। अमेरिका और चीन - दोनों को भारत का बाजार चाहिए। भारत को अपनी इस मजबूत आर्थिक हैसियत का फायदा उठाते हुए साफ कर देना चाहिए कि पाकिस्तान को अब और आर्थिक मदद नहीं। इसी तरह की बातचीत यूएई और सऊदी अरब के साथ भी होनी चाहिए, जहां से इस्लामाबाद को आर्थिक मदद मिलती रहती है।

**दो टूक बात :** पड़ोसी देश के छेड़े छद्म युद्ध से निपटने के लिए भारत को अपना रुख बेहद कड़ा करना होगा। इस दो टूक बातचीत में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए, कि जो देश पाकिस्तान को आर्थिक या सैन्य मदद देंगे, वे भारत का भरोसा खोयेंगे।

---

अभिमत
आजाद सिपाही

**झारखंड में महिला साक्षरता दर 55.42% है, जबकि आदिवासी महिलाओं के लिए यह आंकड़ा घट कर 37.1% रह जाता है। आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियां घरेलू जिम्मेदारियों, बाल विवाह और शिक्षा संसाधनों की कमी के चलते जल्दी स्कूल छोड़ देती हैं। यद्यपि पारंपरिक आदिवासी समाजों में महिलाओं को अपेक्षाकृत सम्मानजनक दर्जा प्राप्त है, फिर भी औपचारिक शिक्षा तक उनकी पहुंच गरीबी, दूरी और भाषा संबंधी बाधाओं के कारण सीमित है।**

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना: भावनात्मक शासन की एक नवाचारी पहल



डॉ आशीष आलोक




**झारखंड में महिलाओं की स्थिति: एक सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य -** 2011 की जनगणना के अनुसार, झारखंड की जनसंख्या 3.29 करोड़ है, जिसमें 1.09 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं। इनमें लगभग 26.2% महिलाएं अनुसूचित जनजातियों (एसटी) से संबंधित हैं। ग्रामीण झारखंड की सांस्कृतिक और आर्थिक रीढ़ होने के बावजूद, आदिवासी महिलाएं शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्थिति के लिहाज से आज भी उपेक्षित हैं। राज्य में लिंग अनुपात 948 है, जो राष्ट्रीय औसत 943 से थोड़ा बेहतर है, लेकिन आदिवासी क्षेत्रों में यह असमानता अधिक स्पष्ट है।

**साक्षरता और शिक्षा :** झारखंड में महिला साक्षरता दर 55.42% है, जबकि आदिवासी महिलाओं के लिए यह आंकड़ा घट कर 37.1% रह जाता है। आदिवासी क्षेत्रों में लड़कियां घरेलू जिम्मेदारियों, बाल विवाह और शिक्षा संसाधनों की कमी के चलते जल्दी स्कूल छोड़ देती हैं। यद्यपि पारंपरिक आदिवासी समाजों में महिलाओं को अपेक्षाकृत सम्मानजनक दर्जा प्राप्त है, फिर भी औपचारिक शिक्षा तक उनकी पहुंच गरीबी, दूरी और भाषा संबंधी बाधाओं के कारण सीमित है।

> मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एक सामान्य सामाजिक सुरक्षा योजना नहीं है, यह झारखंड के राज्य और नागरिक के बीच टूटते भावनात्मक रिश्ते को पुनर्जीवित करने की एक पहल है।

**रोजगार और आर्थिक भागीदारी :** 2011 की जनगणना के अनुसार, झारखंड में कामकाजी महिलाओं में बड़ी संख्या आदिवासी है जो कृषि, वन उपज संग्रहण और दिहाड़ी मजदूरी में संलग्न हैं। अधिकांश आदिवासी महिलाएं सीमांत श्रमिकों के रूप में कार्यरत हैं, जो आर्थिक असुरक्षा को दर्शाता है। ये महिलाएं तेंदू पत्ता, महुआ संग्रहण, और ईंट भट्ठों पर मौसमी प्रवास जैसी असंगठित मजदूरी में लगी रहती हैं, जिनमें कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं होती और शोषण की आशंका अधिक रहती है।

**ग्रामीण-शहरी अंतर और प्रवासन :** ग्रामीण लिंगानुपात 961 है, जबकि शहरी क्षेत्र में यह केवल 910 है। इससे संकेत मिलता है कि पुरुषों के शहरों की ओर प्रवास करने पर महिलाएं गांवों में पीछे छूट जाती हैं, जिससे खेती का नारीकरण होता है। इसके बावजूद महिलाओं को भूमि स्वामित्व या निर्णय प्रक्रिया में स्थान नहीं मिलता।

**स्वास्थ्य, पोषण और लैंगिक हिंसा :** झारखंड की आदिवासी महिलाएं कुपोषण, एनीमिया और मातृ मृत्यु दर की समस्याओं से अधिक प्रभावित होती हैं। पारंपरिक उपचार पद्धतियों और संस्थागत सहायता की कमी के कारण मातृ और शिशु स्वास्थ्य प्रभावित होता है। बालिकाओं की तस्करी और लैंगिक हिंसा, विशेषकर आदिवासी समुदाय में, एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

**भावनात्मक शासन और राज्य का मातृत्व :** शासन केवल एक तंत्र नहीं, एक भावना है। प्रशासन की पारंपरिक पश्चिमी अवधारणाएं अक्सर तटस्थता, औपचारिकता और संरचनात्मक दक्षता पर आधारित होती हैं। परंतु भारत, विशेषतः झारखंड जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्यों में, शासन व्यवस्था एक भावनात्मक संबंध पर आधारित होती है, जहां नागरिक राज्य से केवल सेवाएं नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, समझ और करुणा की अपेक्षा रखते हैं।

**मंईयां की भावना: शासन में मातृत्व का प्रवेश :** मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना न केवल एक योजना है, बल्कि झारखंड की मातृशक्ति को भावनात्मक और सांस्कृतिक सम्मान देने की एक कोशिश है। 'मंईयां' शब्द अपने आप में सहानुभूति, संरक्षण और आत्मीयता का प्रतीक है। यह राज्य को एक भावनात्मक संरक्षक - एक 'माई' के रूप में देखता है, जो ना केवल नीति लागू करती है, बल्कि नागरिकों की भावनात्मक जरूरतों की भी परवाह करती है।

**महिलाओं को केंद्र में लाना: एक पुनः संतुलन की आवश्यकता :** झारखंड के जनजातीय समाज में महिलाएं परंपरागत रूप से सांस्कृतिक, कृषि और सामाजिक गतिविधियों की धुरी रही हैं। फिर भी औपनिवेशिक शासन, आधुनिक कानूनों और विकास नीतियों ने उन्हें हाशिए पर धकेल दिया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना इस ऐतिहासिक असंतुलन को ठीक करने की एक भावनात्मक और नैतिक पहल है, जिससे ग्रामीण और आदिवासी महिलाएं फिर से गरिमा और आत्मनिर्भरता के साथ सार्वजनिक जीवन में भाग ले सकें।

**मैया और सांस्कृतिक महत्व :** मैया शब्द झारखंड समेत भारत के कई हिस्सों में केवल माताओं के लिए ही नहीं, बल्कि महिलाओं, बहनों और छोटी बच्चियों के लिए भी स्नेह और सम्मान के साथ प्रयोग किया जाता है। इस शब्द का प्रयोग एक भावनात्मक, सांस्कृतिक और सामाजिक गहराई को दर्शाता है।

झारखंड सहित भारत के कई क्षेत्रों में मैया शब्द मातृत्व की पारंपरिक परिभाषा से परे जाकर महिलाओं के प्रति सम्मान, भावनात्मक जुड़ाव और सांस्कृतिक आदर को प्रकट करता है। मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के संदर्भ में यह शब्द महिलाओं की व्यावहारिक भूमिका को मान्यता देने के साथ-साथ उन्हें एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊंचाई भी प्रदान करता है।

**योजना की विशिष्टता :** झारखंड की योजना क्यों है विशेष? मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना केवल एक कल्याणकारी पहल नहीं है-यह एक करुणामय और सांस्कृतिक रूप से आधारित भावनात्मक शासन का मॉडल है। भारत की अधिकांश योजनाएं, जहां शर्तों, घटनाओं (जैसे गर्भावस्था, प्रसव) या वैवाहिक/सामाजिक स्थिति पर आधारित होती हैं, वहीं यह योजना विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण समाजों में माताओं के सार्वभौमिक और स्थायी योगदान को पहचानती है। झारखंड की यह योजना सार्वजनिक नीति को केवल आर्थिक उत्थान का माध्यम नहीं, बल्कि भावनात्मक उपचार और सामाजिक परिवर्तन का उपकरण मानने की दिशा में एक अग्रणी कदम है। महिलाओं को शासन के केंद्र में रखकर-निर्भर नहीं, बल्कि समाज की गरिमामयी आधारशिला के रूप में-राज्य ने एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जो भारत में महिला सशक्तिकरण की दृष्टि को पुनर्परिभाषित कर सकता है।

**निष्कर्ष :** यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं, तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित करते हैं। यदि आप एक महिला को शिक्षित करते हैं, तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एक सामान्य सामाजिक सुरक्षा योजना नहीं है, यह झारखंड के राज्य और नागरिक के बीच टूटते भावनात्मक रिश्ते को पुनर्जीवित करने की एक पहल है। यह उस आदिवासी महिला को सार्वजनिक मंच पर पहचान दिलाने का प्रयास है, जो अब तक खेत, जंगल और रसोई के कोनों में अपनी भूमिका निभा रही थी। झारखंड में महिलाएं, विशेष रूप से आदिवासी महिलाएं, संस्कृति, पारिस्थितिकी और सामुदायिक जीवन की संरक्षिका हैं, फिर भी वे व्यवस्थागत बहिष्करण का शिकार होती हैं। वनोपज, कृषि और असंगठित श्रम में उनके आर्थिक योगदान को न तो पर्याप्त मान्यता मिलती है और न ही समर्थन। ऐसे में मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना केवल एक कल्याणकारी पहल ही नहीं, बल्कि महिलाओं की गरिमा-विशेषकर उन आदिवासी माताओं की जो चुपचाप परिवार और परंपराएं निभाती हैं-की सांकेतिक और संरचनात्मक मान्यता बन जाती है।

आदिवासी महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक मान्यता के माध्यम से सशक्त बनाना, झारखंड में समावेशी और न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। खनिज संपदा और समृद्ध आदिवासी विरासत से परिपूर्ण झारखंड, विडंबनापूर्ण रूप से, लैंगिक समानता के संदर्भ में देश के सबसे अधिक संवेदनशील राज्यों में भी गिना जाता है। महिलाएं-विशेष कर अनुसूचित जनजातियों (एसटी) से संबंधित-बहु-आयामी हाशियाकरण का सामना करती हैं, जो सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और संस्थागत ढांचों में गहराई से निहित है। इस व्यवस्थागत हाशियाकरण का समाधान करने के लिए झारखंड को एक बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका समर्थन, लैंगिक संवेदनशील शासन और आदिवासी समावेशन को एकीकृत करे। महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना केवल समानता का विषय नहीं है-यह राज्य के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह योजना शासन को एक 'ममता आधारित' संरचना में रूपांतरित करती है, जो केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि एक संवेदनशील आत्मीय संरक्षक है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तो यह योजना भारत के शासन विमर्श में एक वैकल्पिक मॉडल - भावनात्मक शासन (Emotional Governance) की नींव रख सकती है।

**(लेखक : शिक्षा और अनुसंधान से जुड़े हुए हैं।)**

---

## कोल्हान की खबरें

### प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

# आतंकवाद के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो सदस्यों ने आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट की।सभी ने एकत्रित होकर जुबली पार्क के पास कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही केंद्र सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए मांग की।

कैंडल मार्च के दौरान प्रेस क्लब के सदस्यों ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा पाकिस्तान की कायराना हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की इस जघन्य हमले में शामिल आतंकियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाये, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, महासचिव विनय पूर्ति, कोषाध्यक्ष अजय महतो, पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल, अजय शंकर, रंगाधर नंदा, राजेश लाल दास, नागेंद्र शर्मा, गोविंद पाठक, रवेश तिवारी, प्रमोद झा, मनोज सिंह, इंद्रजीत सिंह पिंटू, मो. अकबर, प्रभात कुमार, विनय उपाध्याय, राजेश सिंह, जीतेंद्र कुमार, परसंजीत सिंह, बिनोद केशरी, आनंद राव, मनोज रजक, मो. जावेद, सरफराज खान, ऋषव श्रीवास्तव, रौकी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने इस कैंडल मार्च के माध्यम से एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया।देश की अखंडता एवं शांति बनाए रखने के संकल्प को दोहराया।

# अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता प्रधान हांसदा रोजी-रोटी के लिए संघर्षरत, सरकार से लगा रहे गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता





**सरायकेला।** भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गर्व से ऊंचा करने वाले सरायकेला जिले के चौड़ा गांव निवासी प्रधान हांसदा आज अपने जीवन यापन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने और सब्जी बेचने को मजबूर हैं। प्रधान हांसदा ने वर्ष 2024 अक्टूबर में मलेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 18 देशों के प्रतिभागियों के बीच तीसरा स्थान प्राप्त कर देश का नाम गौरव किया था। प्रधान हांसदा ने न केवल दौड़ प्रतियोगिताओं में, बल्कि साइकिलिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण और रजत पदक अर्जित की। उनके गले में सजे दर्जनों मेडल आज भी उनकी कठिन मेहनत और अदम्य प्रतिभा का प्रमाण हैं। लेकिन इसके बावजूद आर्थिक तंगी के चलते उन्हें आज सब्जी बेच कर अपना और अपने बुजुर्ग परिवार का जीवन चलाना पड़ रहा है। प्रधान हांसदा ने बताया उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जीते, लेकिन सरकार द्वारा उन्हें अब तक किसी भी प्रकार की सहायता या सरकारी नौकरी का अवसर नहीं दिया। अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए प्रधान हांसदा ने सरकार से रोजगार प्रदान करने की अपील की, ताकि वे अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित कर सकें।

# जनहित के मुद्दों पर काम करें : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित विधायक कार्यालय में जनता दल (यू) के प्रदेश, जिला, महानगर व थानाध्यक्षों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने व आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। विधायक सरयू राय ने कहा जद(यू) पूर्वी सिंहभूम में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है। जिससे जनता के बीच सकारात्मक संदेश जा रहा है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया जहां भी जनहित से जुड़े मुद्दे दिखें, तुरंत पहल करें और सरकारी योजनाओं का लाभ असंगठित मजदूरों व जरूरतमंदों तक पहुंचायें।

जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने बताया आगामी एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर मिलानी हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन सह मजदूर सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो 30 अप्रैल को जमशेदपुर दौरे पर आयेंगे। जमशेदपुर की सीमा में प्रवेश करने पर विभिन्न थानाध्यक्षों के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। एक मई को मिलानी हॉल में आयोजित मजदूर सम्मान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो और विधायक सरयू राय मजदूरों को सम्मानित करेंगे।

बैठक में संजय ठाकुर, अंजलि सिंह, कौशल कुमार, निर्मल सिंह, एम चंद्रशेखर राव, दुर्गा राव, भास्कर मुखी, प्रेम सक्सेना, मृत्युंजय सिंह, विनोद सिंह, असीम पाठक, संजीव सिंह, विजय सिंह, नीरज सिंह, प्रकाश कोया, राजेश प्रसाद, अमृता मिश्रा, मृत्युंजय शर्मा, अर्जुन यादव, प्रवीण सिंह, लालू गौड़, चुन्नू भूमिज, गौतम धर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नमन परिवार ने वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

## वीर कुंवर सिंह अमर रहें,भारत माता की जय के नारों से गूंजा नमन कार्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** नमन परिवार के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शनिवार को नमन परिवार के सदस्यों ने वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर कुंवर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि शंभूनाथ सिंह ने वीर कुंवर सिंह को राष्ट्रभक्ति, साहस और संघर्ष का अनुपम उदाहरण बताया। उन्होंने कहा उनका जीवन आज भी हमें देश सेवा के मार्ग पर प्रेरित करता है। आयोजक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा वीर कुंवर सिंह हमारे स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे नायक हैं, जिनकी वीरता और बलिदान से आज भी पीढ़ियां प्रेरणा लेती हैं। उनका जीवन हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहने की सीख देता है।

श्री काले ने सभी को वीर कुंवर सिंह के बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बृजभूषण सिंह, भाजपा नेता शैलेंद्र कुमार सिंह, झारखंड महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरु सिंह, उत्तर प्रदेश संघ के रामकेवल मिश्रा, मलकीत सिंह ने वीर कुंवर सिंह के अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की। धन्यवाद ज्ञापन रितिका श्रीवास्तव ने किया। मौके पर जयप्रकाश राय, टी नटराजन, वरुण कुमार, सरदार महेंद्रपाल सिंह, दीपू सिंह, सुखविंदर सिंह निक्कू, जसवंत सिंह भोमा, हरजिंदर सिंह, डी मनी, आरती मुखी, सिमी कश्यप, लखखो कौर, माया चौबे, अरविंदर कौर, महालक्ष्मी देवी, ममता साहा, सुनीता देवी, रिंकू देवी, शुक्ला हलदर, राधिका देवी, रामरती देवी, ब्यूटी हलदर, सुमन कुमारी, मामुनी गौरी, सरस्वजीत कौर, सुमिता शर्मा, कुसुमी मुखी, गीता कुंडू, रजनी सिन्हा ने श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों की याद में एकल अभियान ने निकाला कैंडल मार्च




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों की याद में एकल अभियान के बैनर तले शहर में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह श्रद्धांजलि यात्रा मझिआंव मोड़ से प्रारंभ होकर मेन रोड होते हुए रंका मोड़ स्थित घंटाघर पर आकर संपन्न हुई। मार्च में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं और संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के उपाध्यक्ष डॉ पतंजलि केसरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आतंकियों द्वारा पर्यटकों पर हमला करना कायरता का प्रतीक है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि इस दुस्साहसिक कृत्य के दोषियों को उनके अपराधों की कठोर सजा मिलनी चाहिए। डॉ केसरी ने सरकार से मांग की कि आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए न केवल हमलावरों, बल्कि उन्हें शरण देने वाले तत्वों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएं। कैंडल मार्च के दौरान इसमें शामिल लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद, भारत माता की जय के नारे भी लगा रहे थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन सचिव एसएस वर्मा, वरिष्ठ पदाधिकारी प्रियरंजन सिन्हा, गढ़वा संच अध्यक्ष बंशीधर प्रसाद, डॉ विजय कुमार, अभियान प्रमुख जितेन्द्र कुमार यादव, प्रशिक्षण प्रमुख अशर्फी चौधरी, व्यास ज्योति प्रकाश, राजीव यादव, अवधेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आतंकी हमले के विरोध में निकाला गया मशाल जुलूस

**डंडई (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में डंडई प्रखंड मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से शुक्रवार देर शाम को मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस बाबा वीर कुंवर स्थान से शुरू होकर लवाही मोड़ होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा। इस दौरान दो मिनट का मौन



रखकर आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गयी। जुलूस में शामिल लोगों ने हाथों में मशाल लिए हुए 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम', 'पाकिस्तान मुदार्बाद', 'आतंकवाद मुदार्बाद' जैसे कई नारे भी लगाये। लोगों ने भारत सरकार से आतंकवादियों को जल्द पकड़ने और इंसाफ की मांग की। मशाल जुलूस में संकर चौधरी, राजू कुशवाहा, ओमप्रकाश गुप्ता, राजीव कुमार, मनीष ठाकुर, राकेश, पीयूष, अमन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पहलगाम हमले के खिलाफ रमना में कैंडल मार्च

**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर देश के पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। जो मानस मंदिर, मुख्य सड़क हरि गणेश मोड़, शहीद भगत चौक से पुनः वापस होते हुए सर्वेश्वरी चौक पहुंच कर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी से आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। कहा



प्रधानमंत्री मोदी मत घबराना, तेरे पीछे सारा जमाना। देश के गद्दारों को गोली मारो सालों को आदि गगन चूंबी नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष विश्वकर्मा सोनी ने कहा कि देश के 26 पर्यटकों को निर्मम हत्या का बदला लेकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दें। कहा कि अब बर्दाश्त से बाहर है जिस तरह केवल हिंदुओं के धर्म पूछकर हत्या कर दी गयी। सासंद प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार को अपनी शक्ति को दिखाते हुए पाकिस्तान से दो टूक करने की जरूरत है।

अंचल, नगर परिषद और थाना सोमवार से चलायेंगे संयुक्त अभियान

# व्यवसायी अपने सामान की लोडिंग या अनलोडिंग का काम कम व्यस्त समय में करें : संजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अंचल अधिकारी सफी आलम, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार व कार्यपालक दंडाधिकारी राजेश कुमार आदि के साथ बैठक कर शहर के मैन रोड तथा मझिआंव रोड सहित सभी प्रमुख मार्गो से अस्थायी प्रकृति के अतिक्रमण को हटाने के लिए सोमवार से अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मैन रोड और मझिआंव रोड पर आये दिन जाम की स्थिति रहती है, यह जाम की स्थिति सड़क पर जगह के अभाव में न होकर लोगों के द्वारा अस्त-व्यस्त तरीके से रखे गये सामानों के कारण होती है। इसलिए अतिक्रमित सड़क खाली करवाने के लिए अगले सप्ताह अंचल, नगर परिषद और गढ़वा थाना मिलकर एक संयुक्त अभियान चलायेंगे। इस दौरान जो लोग नाली के ऊपर या नाली के बाहर समान रखते हुए पाये जायेंगे उनका सामान जब्त करने तथा उन पर जुर्माना करने की कार्रवाई नगर परिषद की ओर से की जायेगी। एसडीएम ने कहा कि मैन रोड में



डिवाइडर लगाने का प्रयोग किया गया था किंतु इसके दोनों और लोग अतिक्रमण करके मार्ग को सकरा कर दे रहे हैं, जिससे डिवाइडर के दोनों और वाहनों का आवागमन सुचारू नहीं हो पा रहा है, फलस्वरूप अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।

**सुबह शाम ही माल की लोडिंग अनलोडिंग करें :** संजय कुमार ने मुख्य मार्ग पर अवस्थित व्यवसायियों को भी निर्देश दिया कि वे अपने सामान की लोडिंग या अनलोडिंग का काम कम व्यस्त समय में करें न कि दिन के भीड़भाड़ वाले समय में। उन्होंने व्यवसायियों से अनुरोध किया कि वे लोडिंग-अनलोडिंग का काम सुबह 9:00 बजे से पूर्व या रात्रि 8:00 के बाद करें जिससे आम लोगों को असुविधा नहीं होगी।

**कुछ दुकानदारों को लगायी फटकार :** शनिवार दोपहर में संजय कुमार ने नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी सुशील कुमार के साथ मेन रोड में आवागमन की स्थिति देखी, मौके पर कुछ दुकानदार अपना सामान पिच रोड पर बहुत दूर तक रखे हुए मिले, इस पर उन्होंने कई दुकानदारों को फटकार लगाते हुए ऐसी पुनरावृत्ति नहीं करने की चेतावनी दी।

**व्यवसायियों से सहयोग की अपील :** संजय कुमार ने शहर के व्यवसायियों से अपील की कि यह शहर हम सबका है, इस शहर को व्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी सभी की है, इसलिए अपने सामान, साइन बोर्ड, डिस्प्ले, माल वाहन आदि को इस प्रकार से रखें कि वे मुख्य मार्ग के आवागमन को बाधित न करें, यदि सड़क को जानबूझकर अतिक्रमित करते हुए अवरोध पैदा करने के दोषी पाए जाते हैं तो उन पर जुमार्ना के साथ सामान जब्ती जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों को जंक फूड से दूर रहने की दी गयी सलाह



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2)स्कूल में सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश के अनुसार पोषण पखवाड़ा के अंतिम दिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कक्षा तीन से सातवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा नियमित योग और प्राणायाम करने को लेकर अभ्यास वर्ग कार्यक्रम चलाया गया। वहीं जूनियर वर्ग के इंचार्ज खुर्शीद आलम ने कहा कि बच्चे अपने लंच बॉक्स में हमेशा पारंपरिक और पौष्टिक भोजन ही लाएं। उन्होंने बच्चों को चाऊमीन, पास्ता,पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक जैसे चीजों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने माता-पिता और अभिभावकों से भी अपील की है कि वह अपने बच्चों के टिफिन में पौष्टिक भोजन ही दें, जंक फूड नहीं दें उन्हें घर में भी जंक फूड का प्रयोग न्यूनतम करने को कहा ताकि बच्चे स्वस्थ रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी ऋषभ श्रीवास्तव,शिवानी गुप्ता, सरिता दुबे, रागिनी कुमारी व अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

## आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**कांडी (आजाद सिपाही)।** शनिवार को कांडी प्रखंड के भाजपा मंडल कार्यालय (पहाड़ी) में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गये हिन्दू पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बजरंग दल संयोजक शशि रंजन दुबे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे उपस्थित रहे। राम लाला दुबे ने मृत 28 पर्यटकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और दीप प्रज्वलित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उपस्थित सभी लोगों ने भी पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह, राम जन्म प्रसाद, शिव प्रसाद पांडेय, नारद पांडेय, नीरज सिंह, लालमेंद्र कुमार, कौशल किशोर, राजा राम बैठा, विजय सिंह, सुधीर सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करने का संकल्प भी लिया।

## सीएचसी प्रभारी ने विभिन्न टीकाकरण केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ दिनेश सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न टीकाकरण केंद्रों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधा दर्जन से अधिक केंद्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर एएनएम और सहिया टीकाकरण का कार्य कर रही थीं, किंतु कई कर्मी निर्धारित यूनिफॉर्म में उपस्थित नहीं पाये गये। डॉ सिंह ने कर्मियों को ड्रेस कोड का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी और कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। ड्रेस में नहीं आने पर न केवल अनुशासनहीनता की छवि बनती है, बल्कि आम जनता में स्वास्थ्य विभाग की छवि भी प्रभावित होती है। उन्होंने कर्मियों को निर्देश दिया कि वे भविष्य में पूरी ड्रेस में ही ड्यूटी पर आएं, अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी। सीएचसी प्रभारी ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ तभी सही ढंग से लोगों तक पहुंच सकता है जब पूरी टीम जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करे।

## कसौधन वैश्य समाज ने शोक सभा का आयोजन किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा के द्वारा पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा निहत्थे पर्यटकों का हत्या करने पर उनके सम्मान में शोक सभा का आयोजन किया। समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप के ने टीतृत्व में समाज के सदस्य संतोष कश्यप (मामा) के दुकान पर उपस्थित सभी लोगो ने निंदा व्यक्त की और एक सुर में देश के प्रधानमंत्री से मांग कि की जो भी आतंकवादी इस तरह का घृणित कार्य किया है उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाये इस तरह की घृणित कार्य का जितना भी निंदा की जाये कम है। मौके पर उपस्थित समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप, संतोष कश्यप (मामा) सचिव दिनेश कश्यप, रविंद्र कश्यप, संतोष कश्यप, राहुल कश्यप, मनोज कश्यप, रविंद्र कश्यप, भरत कश्यप, अभिषेक कश्यप आदि उपस्थित थे।

# आरके पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सीसीए में विशेष पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' पर आधारित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने रंगों और विचारों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए पृथ्वी के संरक्षण के लिए सजग और सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। हर साल पृथ्वी दिवस एक खास थीम के साथ मनाते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-




छात्राओं के रचनात्मक पोस्टरों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों ने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कला और जागरूकता का परिचय दिया।

प्राचार्य संतोष पांडेय ने बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता व जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर में कहा कि हमारा छोटा-सा प्रयास धरती मां को समर्पित है। आइए, हम सभी मिलकर हर दिन को पृथ्वी दिवस की तरह मनायें और पर्यावरण की रक्षा करें।

# एसडीओ ने अधूरी पेयजल योजनाओं का किया निरीक्षण

विभागीय पदाधिकारियों को अधूरे काम की जांच कर काम पूर्ण करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अचला पंचायत अंतर्गत नारायणपुर गांव में अधूरी पड़ी पांच नलकूप योजनाओं का निरीक्षण किया। गत दिनों यहां के स्थानीय मुखिया ने 'कॉफी संवाद' में एसडीएम के समक्ष मामला उठाया था कि उनकी पंचायत में 2022-23 की पेयजल योजनाओं को अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। इस आलोक में एसडीएम द्वारा किए गए स्थानीय निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि डेढ़ वर्ष पहले से ये पांच बोरिंग किये हुए पड़े हुए हैं किंतु न ही इनमें कोई पंप अधिष्ठापित किया गया और न ही जल मीनार बनाई गयी। निरीक्षण में पाया गया कि नारायणपुर के रामू कुमार मेहता के



घर के सामने, राजेंद्र कुमार मेहता के घर के सामने, श्याम मेहता के घर के सामने, लखन शर्मा के घर के सामने तथा सिमरिय टोला में कुल पांच बोरिंग फरवरी 2024 में किये गये थे। जल मीनार के लिए फाउंडेशन भी खोदा गया था, आसपास में गिट्टी, बालू भी पड़ी हुयी मिली किंतु जलमीनार का निर्माण नहीं हुआ। इस पर उपस्थित ग्रामीणों ने एसडीएम से आगामी पेयजल संकट को देखते हुए यथाशीघ्र सभी योजनाओं को फंक्शनल करवाने का अनुरोध किया। संजय कुमार ने संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता को दो दिनों में वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही योजनाओं के प्राक्कलन व निविदा के अनुरूप शेष बचे हुए काम को नियमानुसार पूर्ण करने को कहा। इस दौरान एसडीएम ने नमूने के तौर पर एक बोर में जल स्तर की स्थिति को लेकर रस्सी से जांच भी कार्रवाई। इस दौरान पंचायत के उप मुखिया रामनाथ महतो, उदय रजवार, महेंद्र महतो, रिंकू देवी, कविता देवी, चंदन मेहता, रामू कुमार, श्रवण कुमार आदि सहित

# बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी परीक्षा परिणाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 26 अप्रैल (शनिवार) को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने फार्मसी परीक्षा के विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया कउक्त सारी परीक्षाएं फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित की गयी थी कजिसमें बी फार्मा, थर्ड सेमेस्टर 2025 (सत्र 2023-27) के परीक्षा में कुल 47 परीक्षार्थी परीक्षा दिए थे। जिसमे केवल एक ही परीक्षार्थी को पदोन्नत हो सके। बाकी सभी परीक्षार्थी पास हो गये है। इस परीक्षा में कामना गुप्ता और कोमल गुप्ता दोनों का (बराबर) और सबसे अधिक 8.92 SGPA




ग्रेड मिला है। इसके बाद साक्षी का स्थान रहा। परीक्षा फल प्रकाशित होने के बाद बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने संकयाध्यक्ष एवं उस विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को अच्छे परीक्षा फल के लिए बधाई दिया है।

इस मौके पर इस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह ने भी सभी परीक्षार्थियों को बधाई और सुनहरे भविष्य के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए शुभकामनाएं दी।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने प्राण प्रतिष्ठा पर कलश शोभायात्रा निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर ।** श्री बंशीधर नगर शहर के जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट वेद माता गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शक्तिपीठ का सातवां वार्षिकोत्सव एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सिर पर



कलश धारण कर भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में 'गायत्री माता की जय', 'शिव परिवार की जय', हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, जय माता जी, 'वैदिक संस्कृति अमर रहे' जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में प्रतिष्ठित व्यवसायी जितेंद्र कुमार कमलापुरी उर्फ मंटू एवं उनकी धर्मपत्नी कंचन कुमारी विशेष रूप से शामिल रहे।

# बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में रेड डे सेलिब्रेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में रेड डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल की ट्रस्टी इंद्राणी केसरी थीं।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं उपस्थित शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ततपश्चात शिक्षक डॉ शंभु कुमार तिवारी,अमियो मुखर्जी, नेहा केशरी, अदिति गुप्ता, आशीष रंजन,इफ्तेशाम नाजनीन आदि ने शॉल एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया,




जिसमें उन्हें लाल रंग और उसके विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया गया। एलकेजी और यूकेजी के छात्रों ने 'आहा टमाटर' नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा 1 के छात्रों ने 'रेड डे इस द कलर ऑफ द डे' नृत्य से सबका ध्यान आकर्षित किया।

कक्षा 2 के छात्रों ने फैंसी ड्रेस के साथ छंद एक्ट प्रस्तुत किया, जो दर्शकों को बहुत पसंद आया। इसके अलावा, कक्षा 1 के छात्रों ने 'इचक दाना बिचक दाना' नृत्य भी प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को लाल रंग और उसके विभिन्न रंगों से परिचित कराना था, जो सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

आयोजन में ईडीपी समूह की प्रभारी शिक्षिका नेहा केसरी, दिव्या कुमारी, अदिति गुप्ता और इफ्तेशाम नाजनीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

मुख्य अतिथि इंद्राणी केसरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज रेड डे के अवसर पर बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों की प्रस्तुतियों ने मुझे बहुत प्रभावित किया। जिन उद्देश्यों को दृष्टिगत करते हुए मेरे ससुर पारस नाथ केशरी ने डीएवी के लिए भूमि दान किया था। उन उद्देश्यों की पूर्ति होता हुआ देख कर मुझे बेहद संतोष की अनुभति हो रही है। लाल रंग ऊर्जा, उत्साह और प्रेम का प्रतीक है, और आज के कार्यक्रम में यह स्पष्ट रूप से दिखायी दिया।

## मुंबई से घर लौट रहे मजदूर की मौत



फाइल फोटो

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर पंचायत के रपूरा गांव निवासी लालदेव रजवार पिता - बुनी रजवार, उम्र - 30 वर्ष की मृत्यु घर लौटते समय मध्य प्रदेश के कटनी रेलवे स्टेशन पर हो गयी। मृतक मुंबई में मजदूरी करने गया था काम करने के ही क्रम में वह छुट्टी लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रेलवे पुलिस ने कटनी स्टेशन पर उसे मृत अवस्था में पाया। मृतक की पत्नी सरस्वती देवी के अनुसार, लालदेव रजवार मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे थे और घर लौटते वक्त यह दुखद घटना घटी। लालदेव रजवार अपने पीछे पत्नी सहित चार छोटे बच्चों को छोड़ गये हैं।

## ऑटो पलटने से एक दर्जन बाराती घायल

**भवनाथपुर।** बीती रात्रि तेज ऑटो पलटने से उस पर सवार एक दर्जन बाराती लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक फैज अहमद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एक घायल को गढ़वा रेफर किया गया। सभी बाराती थाना क्षेत्र के कोन मंडरा के बताये जा रहे है। घायलों में प्रेमनाथ उरांव पिता सीता उरांव, आदि उरांव, पिता एतवा उरांव, चुनूं उरांव पिता पुराण उरांव, विक्रम उरांव पिता मनीष उरांव, धीरज उरांव पिता कैला उरांव, मनीष उरांव पिता चुनूं उरांव, सुनील उरांव पिता घूर्णन उरांव, रणजीत उरांव पिता करमू उरांव, बंधन उरांव पिता कैला उरांव का नाम शामिल है।

# जिले में अफीम, गांजा की अवैध खेती को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय (एनसीओआर डी) समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी चंदवा, बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज से वर्तमान फसलीय वर्ष 2024-25 में अवैध अफीम की खेती की विनष्टीकरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी और उपयोग पर सजगता के साथ लोगों के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखने और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है, तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गयी है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने हेतु सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस पर सतत निगरानी रखने और ऐसी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सूचित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा अजय कच्छप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख़्त एक्शन लेने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर आज दिनांक 26.04.2025 को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिये गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 28.03.2025 से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 37 वाहनों को जब्त कर 07 प्राथमिकी दर्ज गयी है तथा 1 करोड़ 25 लाख 61 हजार रुपये जुर्माना राशि की वसूली की गयी। उपायुक्त ने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने और संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

# पहलगाम हमले के विरोध में विहिप और बजरंग दल ने किया पुतला दहन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर प्रखंड वासियों का गुस्सा फूट पड़ा। उसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल और दुर्गावाहिनी के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार देर शाम में सेन्हा मुख्य पथ पर स्थित दुर्गा मंदिर के समीप पहलगाम घटना में बलिदान हुए पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुतला दहन किया गया। वहीं पुतला दहन से पूर्व पाकिस्तान मुदार्बाद, कायर आतंकियों पर करें करारा प्रहार, पाकिस्तान होश में आओ, सहित विरोध में विहिप, बजरंगदल और दुर्गावाहिनी के लोगों द्वारा अन्य तरह का नारेबाजी किया जा रहा था। पुतला दहन कार्यक्रम में मौके पर विहिप के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार, अजातशत्रु सिंह, पवन तिग्गा, रामलगन महतो, रंजीत साहु, संतोष महतो सुरेंद्र साहु, जितेंद्र ठाकुर, भोला साहु के अलावे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के अन्य सदस्य व कार्यकर्ता शामिल थे।

## भाईचारा नहीं, हमें तो हमेशा से चारा बनाया गया : सुनील



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में देश के 26 निर्दोषों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने बर्बरता पूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी। उसे लेकर सेन्हा प्रखंड के बरही डिप्पा चौक में आतंकवादियों का पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया और उन शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि बचपन से सिखाया गया भाईचारा, परंतु अब हमें समझ में आया कि हम सब चारा है और इसका जीता- जागता उदाहरण है आंतकवादियों के द्वारा धर्म पूछ कर गोली मारना। आगे कहा कि सनातन समाज को एकजुट होने का समय आ चुका है। संगठित होकर ही भारत के दुश्मनों को सबक सिखा सकते हैं। महावीर प्रसाद ने कहा कि आतंकवादियों का भी धर्म होता है यह पूरी दुनिया जान चुकी है। अब समय है पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाने का, मोदी जी आप आगे बढ़े हम सब आपके साथ हैं। मौके पर जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जय मां दुर्गा पूजा समिति बरही के आजीवन संरक्षक रवींद्र साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष रितेश कुमार, विनोद साहू, समाज सेवी महावीर प्रसाद, विहिप के बाबा होमन दास, अजय शुक्ल, युवा कार्यकर्ता नितेश कुशवाहा और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# वादे से मुकरने वालों का क्या भरोसा : हातिम

## यूनियन नेता आलोक साहू के बयान पर किया कटाक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन को लेकर दिये जा रहे बयानों पर फिर एक बार राजनीतिक कटाक्ष सामने आई है। इंटक यूनियन नेता आलोक कुमार साहू के जिला श्रम अधीक्षक से मुलाकात और मजदूरों को लेकर की गयी बात पर छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के हेसल साइडिंग के इंटक सचिव हातिम अंसारी ने बयान जारी करते हुए कहा है कि आलोक साहू आज मजदूर के हित में बड़ी-बड़ी बातें कह रहे हैं। उस समय वह कहां थे, जब उन्होंने यह भी कहा था कि लोहरदगा रेलवे साइडिंग से बॉक्साइट अनलोडिंग स्टेशन किसी भी हाल में नहीं हटेगा। मजदूरों के साथ अन्याय नहीं होगा, परंतु आज वहां से रेलवे साइडिंग हट चुका है और मजदूर बेरोजगार हो चुके हैं। उन्होंने यह कहा है कि मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ने वाले ऐसे झूठे नेताओं के चक्कर में अब मजदूर पड़ने वाले नहीं हैं। उनकी सारी चालों को मजदूर अच्छी तरह से समझ चुके हैं। मजदूर हर हाल में धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में एक साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर किसी भी आंदोलन के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि धीरज प्रसाद साहू जैसे नेता बिना किसी स्वार्थ के हमेशा से ही समाज की सेवा में लगे हुए हैं। मजदूरों के अधिकार को लेकर लगातार संघर्ष करते रहे हैं। आलोक साहू जैसे हवा बाज नेता हमेशा से ही अपने स्वार्थ के लिए दूसरों का शोषण करते रहे हैं। हिंडालको जैसी कंपनी को लाभ पहुंचाने के साथ-साथ हिंडालको से खुद लाभ लेने के चक्कर में भी हमेशा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि आलोक साहू जैसे हवा बाज नेता के चक्कर में अब मजदूर किसी कीमत में नहीं आयेंगे। मजदूरों को सच्चाई पता चल चुका है कि कौन हिंडाल्को के लिए काम कर रहा है और कौन मजदूरों के हित में लड़ाई कर रहा है। विगत दिनों हेसल साइडिंग में मजदूरों ने हवा बाज नेता आलोक साहू का विरोध भी किया था, इसके बावजूद हवा बाज नेता आलोक साहू का यह भ्रम नहीं टूट नहीं है। वो अपने आप को मजदूरों के नेता समझते हैं आने वाले समय में मजदूर उन्हें पूरी तरह से खदेड़ने का काम करेगी।

## छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन का अधिवेशन अब 08 मई को


**लोहरदगा (आजाद सिपाही)। किस्को मिडिल स्कूल के मैदान में 08 मई को छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा (झारखंड) का महाधिवेशन कार्यक्रम रखी गयी है। पहले यह अधिवेशन 30 अप्रैल को रखी गयी थी, लेकिन छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा के कोषाध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि अशोक यादव के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण 30 अप्रैल का महाधिवेशन कार्यक्रम स्थगित की गयी। अब छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर कार्यक्रम की नई तिथि 08 मई दिन बृहस्पतिवार 2025 को तय की गयी है । जिसमें मशहूर नागपुरी सिंगर नीतेश कच्छप, चिंता देवी, पवन रॉय, सुमन गुप्ता और मशहूर मांदर वादक हुलास महतो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जायेगी।**

## शत प्रतिशत कार्डधारियों का यथाशीघ्र इ-केवाइसी करें : एमओ



सेन्हा (आजाद सिपाही)। प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी पीडीएस दुकानदारों को 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत कार्ड धारियों का ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जो कार्ड धारी का मृत्यु हो गया वैसे कार्डधारियों का सूची तैयार कर कार्यालय में शीघ्र जमा करने का भी निर्देश दिया गया। ग्रीन कार्ड, लाल और पिला कार्ड के सभी कार्डधारियो का राशन वितरण 30 अप्रैल माह तक शत प्रतिशत वितरण करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर अजय साहु, नवलकिशोर सिंह, प्रशांत साहु, विश्वनाथ गोप, बेचन मिश्रा, बृजमोहन साहु, नंदकिशोर शुक्ला समेत अन्य सभी पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

## बरवाडीह : चेकिंग अभियान में पकड़ी गयी दो दर्जन बाइक



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। आमजनों की जीवन रक्षा को लेकर बरवाडीह पुलिस जागरूकता अभियान तेजी से चला रही है। सड़क सुरक्षा के साथ-साथ हेलमेट का इस्तेमाल करने को लेकर बरवाडीह पुलिस आमलोगों को जागरूक कर रही है। जिसे लेकर बरवाडीह थाना गेट के समीप चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं उल्लंघन करनेवाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को बरवाडीह के थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में एसआई उपेन्द्र सिंह की मौजूदगी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। करीब दो घंटे तक चले वाहन चेकिंग अभियान में दो दर्जन के आसपास दो पहिया वाहन पकड़ा गया। वहीं इस संबंध में एसआई उपेंद्र सिंह ने कहा है कि क्षेत्र में क्राइम को कंट्रोल रखने के लिए वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि बिना हेल्मेट और बिना कागजात के चलने वाले चालकों को रोका गया।

## जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि मुक्तिधाम से ट्रैक्टर बालू का उठाव न करें

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मुक्तिधाम लोहरदगा के संरक्षक कवलजीत सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आये दिन आम जनता की शिकायत आ रही है की मुक्ति स्थल (मुक्तिधाम) जहां मृत व्यक्तियों का अंतिम संस्कार किया जाता है, वहां रात्रि में ट्रैक्टर लगाकर लोग बालू का उठाव कर रहे हैं जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में मुक्तिधाम के अध्यक्ष और हमारे द्वारा पतरा टोली शंख नदी के पास जाकर रात्रि लगभग 11:00 बजे देखा गया कि 6 से 8 ट्रैक्टर वहां बालू लोड कर रहे थे, इस बीच में पुलिस प्रशासन की पेट्रोलिंग गाड़ी को रोक कर दिखाया गया, लेकिन दुर्भाग्य की बात है की पेट्रोलिंग गाड़ी ने भी कोई कार्रवाई नहीं करते हुए टालमटोल की नीति अपनाई, इसलिए प्रशासन से निवेदन है कि प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि लोहरदगा मुक्तिधाम स्थल से बालू का उठाव ना हो, ताकि आम जनता को अंतिम संस्कार (दाह संस्कार) करने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिशु बाल और किशोर भारती का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल सभा कार्यक्रम आयोजित कर शिशु भारती, बाल भारती और किशोर भारती का गठन किया गया। अध्यक्ष आर्यन कुमार और पल्लवी कुमारी उपाध्यक्ष कार्तिक उरांव अनुशासन प्रमुख आशीष कुमार और रीतिका कुमारी स्वच्छता प्रमुख भैया नरेंद्र एवं रेशमा कुमारी सांस्कृतिक प्रमुख रविकांत, शीतल और काजल कुमारी जयंती प्रमुख अंकुश, राहुल और प्रेमिका कुमारी जल प्रमुख कृष, प्रदीप व दीपिका कुमारी चिकित्सा प्रमुख रूपेश कुमार, अमन कुमार और तेजस्वी कुमारी योग प्रमुख जागृति और तेजस्वी कुमारी का चयन किया गया। वहीं रूपेश कुमार को सचिव तथा आयुष कुमार, ज्योति कुमारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि शिशु भारती में प्रमुख पद अध्यक्ष, उपाध्याय सचिव और कोषाध्यक्ष के साथ साथ अन्य पदाधिकारी भी होते हैं। जो संगठन के कार्य में सहयोग करते हैं।

# कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला कायराना हरकत: अब्दुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया की बैठक में दहशतगर्दों के जरिये कश्मीर के पहलगाम में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की नृशंस हत्या की घटना की एक स्वर में निन्दा की गयी। अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों व सभी सदस्यों ने आतंकी हमले पर गंभीर चिंता जतायी। इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि इस तरह की आतंकी घटनाओं का उद्देश्य देश में रहने वाले हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सौहार्द को बिगाड़ना है। उन्होंने मांग की कि भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि सरकार आतंकी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें ताकि कश्मीर घाटी में शांति बहाल हो। उन्होंने सरकार से इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को न बख्शने का आग्रह किया। बैठक में नाइब सदर हाजी नईम खान, सैयद आरीफ हुसैन, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी, फारूक कुरैशी, सारफुल अंसारी, सरफुद्दीन खलीफा, इरशाद आलम, अली रहमान कुरैशी, इकरामुल अंसारी, रूस्तम अंसारी, दानिश अली, वासिफ कय्यूम, यासीन कुरैशी, सरवर खान, सरफुल अंसारी, इकरामुल अंसारी, समेत सभी पदाधिकारी और मेंबर्स मौजूद थे।

# अधिवक्ताओं-लिपिकों को इ-फाइलिंग और डिजिटल कार्य को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** ई कमेटी सुप्रीम कोर्ट, नयी दिल्ली के निर्देशानुसार और जुडिशल एकेडेमी रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को 50 अधिवक्ताओं और अधिवक्ता लिपिक का ऑनलाइन फाईलिंग एवं ई कोर्ट कार्य पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा सचिव राजेश कुमार, अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डीएसए महेश प्रसाद सिन्हा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी और जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर सिविल कोर्ट महेश प्रसाद सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं बताया गया कि ई कोर्ट के माध्यम से केस की स्थिति, संख्या सहित केस से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में केस फाइलिंग होने के बाद लोगों को केस की स्थिति की जानकारी नहीं हो पाती थी। लेकिन अब लोग अपने मामलों के बारे में ई कोर्ट के माध्यम से खुद से पता कर सकते हैं। वहीं डीएसए महेश प्रसाद सिन्हा ने उपस्थित अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिक को प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखलाकर ई फाइलिंग में पंजीकृत होने की विधि को विस्तार से बताया। मौके पर 50 से अधिक अधिवक्ता, अधिवक्ता लिपिक उपस्थित थे।

# 'विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**100 से अधिक शोधार्थियों ने अपने-अपने विचारों से कराया अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जिले के बलदेव साहू महाविद्यालय में 'विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लोहरदगा जैसे छोटे से जिले में विकसित भारत जैसे प्रमुख विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होना, 100 से अधिक शोधकर्ताओं का शामिल होना, शोध पत्र प्रस्तुत किया जाना जैसे एक व्यापक कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये शोध पत्र का संकलित एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रूप में ओपन यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति टीएन साहू और पद्मश्री मुकुंद नायक शामिल हुए। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में 100 शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। राष्ट्रीय संगोष्ठी में झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और दूसरे कई राज्य के शोधार्थी भी शामिल हुए। जिन्होंने विकसित भारत विषय पर अपने-अपने विचारों से सभी को अवगत कराया। शैक्षणिक विकास के साथ-साथ देश के सर्वांगीण विकास में प्रमुख भूमिका निभाने वाले बिंदुओं की ओर शोधकर्ताओं ने सभी का ध्यान आकृष्ट कराया। शोधकर्ताओं ने कहा कि झारखंड के युवा विकसित भारत के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विकसित भारत के लिए एक ठोस योजना के साथ काम करने की जरूरत है, जिसमें यहां के संसाधनों का सही प्रयोग बेहद जरूरी है। शोधार्थियों ने भारत के विकास को लेकर युवाओं की भूमिका पर भी जोर दिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि विकसित भारत का निर्माण हम वर्ष 2047 से पहले कैसे कर सकते हैं और इसके लिए किन विषयों पर ध्यान देने की जरूरत है।

# भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की जिला कमेटी का विस्तार आज

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। होटल केतकी पैलेस पावरगंज में रविवार को भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच जिला कमेटी का विस्तार किया जायेगा। सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिया जायेगा। उक्त जानकारी भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच लोहरदगा जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने दी। उन्होंने कहा कि लोहरदगा से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए टीम गठित कर प्रखंड के प्रभारी नियुक्त किया जायेगा। सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष बनाया जायेगा, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कमेटी बनाकर हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा सके और समाज हित में विकास कार्य जो जरूरी है।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध दंपति सहित तीन घायल

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा - लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव के समीप सड़क दुर्घटना में वृद्ध दंपति सहित तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लोहरदगा निवासी सीताराम महतो के पुत्र अतुल कुमार सहायक अध्यापक उम्र 35 अपने मोटर साइकिल से अपने स्कूल मकुंदा जा रहे थे। इसी दौरान उसके आगे टीवीएस मोटर साइकिल से चल रहे भैसमुंदो गांव निवासी मुन्ना महतो उम्र 65 के साथ भिड़ंत हो गयी। इस सड़क दुर्घटना में टीवीएस मोटर साइकिल में सवार मुन्ना महतो की पत्नी सावित्री देवी उम्र 55 भी घायल हो गयी है।

## दिव्यांग व्यक्ति को मिली ट्राइसाइकिल



सेन्हा (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में बाल विकास महिला पर्यवेक्षिका द्वारा एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल दिया गया। वहीं महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक ने दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल देने के उपरांत कहा कि कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित बाल विकास विभाग की ओर से सभी तरह के दिव्यांगों को आवश्यकता अनुसार यंत्र दे कर सहयोग किया जाता है। दिव्यांग लाभुक अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका के माध्यम से सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन देकर दिव्यांगों का उपयोगी सामग्री और यंत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत अंतर्गत महादेव टोली निवासी विरेंद्र उरांव का 32 वर्षीय दिव्यांग पुत्र अमित उरांव को ट्राइसाइकिल दिया गया। वहीं ट्राइसाइकिल मिलने से अमित उरांव काफी खुश नजर आया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक,विजय कुमार साहु समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## लोहरदगा में 10 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, विवादों का होगा त्वरित निपटारा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025, शनिवार को किया जायेगा। यह लोक अदालत झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुमला जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगी, जिसमें न्यायालय में लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिनके मामले अदालत में लंबित हैं या जिन्हें कोई कानूनी विवाद है, वे इस अवसर का लाभ उठाएं और शांति, त्वरित समाधान और आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करें।

## भूमि संरक्षण कार्यालय में भ्रष्टाचार और लूट खसोट चरम सीमा पर है: कयूम अंसारी

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के जिला सह सचिव कयूम अंसारी ने उपायुक्त को आवेदन देकर भूमि संरक्षण कार्यालय पर भ्रष्टाचार, लुट खसोट, बिचौलियागिरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि विभागीय पदाधिकारी दिन भर विचौलियां संग सरकारी योजना का बंदरबाट कर योजना बनाते रहते है। सेटिंग कर पैसा निकालते है। हर दिन विचौलियो का भीड़ रहता है। कोई पानी पंचायत, या लाभुक नहीं रहते सिर्फ सेटिंग का खेल चलता है। इस विभाग के पदाधिकारी एक से बढ़ कर एक भ्रष्टाचारी है। एक पदाधिकारी पर घोटाला का आरोप जांच चल रहा है। एक बिहार से कनिय अभियंता है जो जाति पुछ कर काम करते हैं। यहां के सिधा-साधा, आदिवासी, अल्पसंख्यकों को लाभुक बनाकर बिचौलिया पैसा को चेक से ट्रांसफर कराकर सभी पदाधिकारी को पैसा खिलाते है। वितीय वर्ष 2024-25 में सिर्फ बड़े जाति के विचौलिया का एक करोड़ 69 लाख 95 हजार 900 रुपये की इस कार्यालय से भुगतान किया गया है। सिर्फ इन खाता की जांच और योजना की जांच, फाइल की जांच कराई जायेगी तो विचौलिया का खात्मा होगा। सही रूप से काम होने का रास्ता खुलेगा।

## चोरी करने आये चोर बाइक छोड़ भागे

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा चौक स्थित फूलदेव उरांव के घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने पहुंचे अज्ञात चोरो की मंशा विफल हो गयी और वे अपनी मोटर साइकिल छोड़ भाग निकले। इसकी जानकारी फूलदेव उरांव ने भंडरा थाना पुलिस को दिया है। साथ ही अज्ञात चोरों द्वारा छोड़े गए अपाची मोटर साइकिल को पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। भंडरा थाना पुलिस को फूलदेव उरांव ने बताया कि शुक्रवार की देर रात दो बजे घर के बाहर अज्ञात चोरों द्वारा बैटरी खोलने का प्रयास किया जा रहा था। बैटरी खोलने की आवाज सुनकर बाहर निकलने पर चोर मोटर साइकिल छोड़ फरार हो गए। अपाची मोटर साइकिल नंबर जेएच जीरो 8जे-8249 है। इधर भंडरा थाना पुलिस अज्ञात चोरों की धर पकड़ को लेकर जांच शुरू कर दी है।

**सौगात :** मनातू में चतरा सांसद ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

# मनातू को मिलेगा सड़क, बिजली-पानी जैसी सुविधाओं का लाभ : कालीचरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-थ्री) के तहत मनातू प्रखंड में शनिवार को मनातू बाजार से मुडधोई गांव तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अपने संबोधन में सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि देश की आजादी के बाद पहली बार इस क्षेत्र से कोई बेटा चुनाव लड़ा और आप सभी के आशीर्वाद-समर्थन से जीत हासिल की।


सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते चतरा सांसद कालीचरण मुंडा।

उन्होंने वादा किया कि जब तक क्षेत्र के विकास का हर वादा पूरा नहीं कर दूंगा, तब तक मेरे सिर पर ऋण का बोझ रहेगा। सांसद ने बताया कि मनातू बाजार से मुडधोई गांव तक लगभग 6.65 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी लागत करीब 6.5 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का कार्य नीलम कंट्रक्शन संवेदक गणेश साहू को सौंपा गया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखें और अगर किसी तरह की लापरवाही होती है तो तुरंत सूचना दें। कालीचरण सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण से ना केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने मुडधोई गांव में चल रहे बिजली आपूर्ति कार्य का भी जिक्र किया। कहा कि जल्द ही गांव के हर घर में बिजली पहुंचेगी। इस दौरान कई ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया और क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर उम्मीद जताई। सांसद ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सरकार गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। मनातू क्षेत्र को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा। वहीं, ग्रामीणों में सड़क निर्माण को लेकर काफी खुशी देखी गई।

# कृषि मंत्री शिल्पी तिर्की ने मुखिया पूनम जायसवाल को किया सम्मानित

## सेवा कभी बेकार नहीं होती, मेहनत करने वाले की हार नहीं होती : मुखिया

- पर्यावरण धर्म के तहत मुखिया ने कृषि मंत्री और राज्यसभा सांसद को दिया आम का पौधा


कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ मांझी से अवार्ड लेती मुखिया पूनम।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची के लालपुर चौक स्थित होटल रॉयलिसयन में आयोजित महिला सम्मान समारोह का शुभारंभ राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने संयुक्त रूप से किया। इसमें शिक्षा, चिकित्सा व पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यभर से आयी प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में पलामू के विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय प्रधान सचिव सह छतरपुर प्रखंड के डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल को भी समाजसेवा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ माझी ने प्रशस्तिपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके पहले मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और राज्यसभा सांसद महुआ मांजी को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर सम्मान दिया। इसके बाद मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि सेवा कभी बेकार नहीं होती। ना ही मेहनत करने वालों का कभी हार होता है। मुखिया ने कहा कि पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट अभियान को वे अपने पति पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर के साथ नेपाल, भूटान, बर्मा, सिंगापुर, मलेशिया और अजरबैजान जैसे कई देश एवं राज्यों में जाकर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक कर उनके बीच निःशुल्क पौधा वितरित किया है। पिछले सप्ताह में उन्होंने गुजरात में एक सप्ताह संचालित कार्यक्रम के दौरान वहां के द्वारकाधीश, जूनागढ़, भेट द्वारका, नागेश्वर, सोमनाथ सहित अहमदाबाद स्थित गांधी आश्रम में पर्यावरण धर्म पर आयोजित कार्यक्रम में कई राज्यों के लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने वहां के लोगों को चंदन, कपूर, रुद्राक्ष और आम के पौधे निःशुल्क वितरण रोपण कर बताया कि बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो लोगों को अपने धर्म के साथ ही पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा। जिंदा रहना है तो सभी को पौधा लगाना होगा। क्योंकि उक्त विभीषिकाओं से बचने का दूसरा कोई भी विकल्प नहीं है। उक्त कार्यक्रम में उनकी पुत्री सह शिक्षिका ज्योति जायसवाल भी मौजूद थीं।

# एसबीएस कॉलेज के लेखापाल ने प्राचार्य-सचिव पर लगाया 17 लाख के अवैध भुगतान का आरोप

## हुसैनाबाद थाने में दिया आवेदन, पुलिस कर रही जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला के शहिद भगत सिंह (एसबीएस) इंटर महाविद्यालय के लेखापाल अरुण कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर कालेज के प्राचार्य प्रेमनाथ एवं अंतरिम सचिव सुशीला मिश्रा पर 17 लाख रुपए के अवैध भुगतान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कार्यालय का भुगतान रजिस्टर एवं पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चेक बुक उनके अलमारी में है। इसके बावजूद छह कर्मचारियों के नाम पर 25 अप्रैल को अलग-अलग 4,41,342 रुपए एवं 11,93,258 रुपए की निकासी की गई है। इस संबंध में उन्हें किसी तरह की जानकारी भी नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि पलामू डीसी शशि रंजन ने कालेज में हो रही वित्तीय अनियमितता की जांच के बाद कालेज के छह कर्मचारियों का भुगतान रोक दिया गया था। डीसी ने अपने पत्रक 195 दिनांक 13 मार्च 2020 के माध्यम से जांच रिपोर्ट झारखंड अधिविध परिषद सचिव को भेजा था। वहीं, इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पांच जुलाई 2022 को प्राचार्य एवं सचिव शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय को पत्र देकर झारखंड अधिविध परिषद के आदेश का हवाला देते हुए कई दिशा निर्देश दिया था। उधर, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, इस बाबत एसबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रेमनाथ सिंह ने बताया कि उनकी ओर से जो भी भुगतान किया गया हैं वह बीते नौ अप्रैल को शासी निकाय के बैठक के आलोक में किया गया हैं। इसमें विधायक सह अध्यक्ष संजय सिंह यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो, अंतरिम सचिव शुशीला मिश्रा और प्राचार्य की उपस्थिति में हुई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई थी एवं बड़ा बाबू अरुण कुमार सिंह पर कार्य अनुशासनहीनता का आरोप था। इस पर जांच कमेटी बनी थी और तत्काल लेखापाल का कार्य अंशुल कुमार को सौंपा गया था। इसी बौखलाहट में अरुण सिंह द्वारा बार-बार आदेश के बाद भी अनुपालन नहीं किया गया। मेरे द्वारा जो भी भुगतान किया गया हैं वह शासी निकाय के आदेश के अनुपालन में की गई हैं जो जांच करने के बाद स्पष्ट हो जाएगा।

# पाकिस्तान को मिलेगा करारा जवाब : कमलेश कुमार सिंह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में विगत 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले को लेकर पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने आक्रोश व्यक्त किया है। शनिवार को कहा कि आतंकवादियों का यह कृत माफ करने वाला नहीं है। उन्होंने मरने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए भगवान से उनके परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। साथ ही कहा कि इस घटना ने देश के लोगों को झकझोर दिया है। पाकिस्तान को इसका करारा जवाब मिलेगा। भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की तैयारी कर ली है। देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मजबूत हाथों में है। इस बार पाकिस्तान कटोरा लेकर भीख मांगने के लायक भी नहीं बचेगा। इसके अलावा आतंकी हमले के बाद झारखंड में जश्न मनाने और



पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि आतंकी हमले को समर्थन देने वाली मानसिकता वाले लोग झारखंड में भी हैं। वर्तमान झारखंड सरकार में भी ऐसे लोग हैं, जो शरिया को संविधान से ऊपर मानते हैं। ऐसे लोगों को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। कहा कि हमारे जांबाज सैनिक इस बार पाकिस्तान का वह हश्र करेंगे की आने वाले समय में भारत की ओर आंख उठा कर देखने की भी कोई ह‍िम्मत नहीं करेगा।

# रेड़मा ठाकुरबाड़ी कांप्लेक्स में स्टाइल कलेक्शन शॉप का उद्घाटन

- स्टाइल कलेक्शन में ब्रांडेड एवं फैंसी कपड़ा उचित मूल्य पर उपलब्धः दीपक तिवारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रांची रोड रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास ठाकुरबाड़ी कॉम्प्लेक्स में स्टाइल कलेक्शन ए ब्रांड हब शॉप का शनिवार को शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, झामुमो नेता अविनाश देव और समाजसेवी अभिमन्यु सिंह सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि स्टाइल कलेक्शन से शहर वासियों को सुविधा मिलेगी। यहां के नागरिकों को ब्रांडेड कपड़ों के लिए, दूसरे स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वहीं, भाजपा महामंत्री मनोज सिंह ने प्रोपराइटर एवं यहां कार्यरत कर्मियों को ग्राहकों के साथ मधुर संबंध रखते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की सलाह दी। जबकि शॉप के प्रोपराइटर एवं झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने कहा कि स्टाइल कलेक्शन की शुरूआत से शहर वासियों को बाजार से बेहद किफायती कीमतों में हर तरह के ब्रांडेड एवं फैंसी कपड़ा उपलब्ध हो सकेगा। एक छत के नीचे ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार कपड़ा, जूता आदि की खरीद कर सकेंगे। दूसरी ओर, स्टाइल कलेक्शन के उद्घाटन को लेकर ठाकुरबाड़ी कॉम्प्लेक्स में खरीदारी के लिए हजारों ग्राहकों की भीड़ लगी रही। ग्राहकों को इस दिन विशेष छूट भी दी गयी। इस मौके पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, अभिमन्यु सिंह, झामुमो नेता कमाल खां, भाजपा नेता अजय तिवारी, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, समाजसेवी संजय साहनी, साहब सिंह नामधारी, सुनील तिवारी, विभाकर नारायण पांडेय, मुरारी तिवारी, अमित जायसवाल, दिलीप तिवारी, राकेश तिवारी सहित जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी, विभिन्न दलों के नेता-कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी आदि उपस्थित रहे।

# सीमित संसाधनों के बीच दुश्मनों को परास्त करना सिखाता है स्काउट गाइड का प्रशिक्षण : अविनाश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम विद्यालय के बच्चों को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चे तृतीय सोपान के सैनिक प्रशिक्षण लेकर मैदान में अपना छद्म प्रदर्शन दिखाया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव शामिल हुए। उन्होंने स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा सलामी ली और बेस कैंप का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि जब देश आपात स्थिति से गुजरेगा, पड़ोसी देश से युद्ध छिड़ जाएगा, उस वक्त आज का किया प्रशिक्षण काम आएगा। जब हम अपने देश की सीमा पर या अंदर दुर्गम वन इलाकों में होंगे, दूर-दूर तक कोई संसाधन नहीं होगा, तब हम भूख-प्यास को झेलते हुए शत्रुओं से कैसे मुकाबला करेंगे, आज का स्काउट गाइड में लिया प्रशिक्षण काम आएगा। बच्चों ने उस आपातकालीन संकट के दौर में भूख मिटाने, अपने शिविरों में भोजन बनाने का प्रदर्शन दिखाया। अपने बेस कैंपों में ईंट के चूल्हे पर खाना पकाकर साबित किया कि हर परिस्थिति में हम मुकाबले के लिए तैयार हैं। वहीं, झंडोतोलन कर स्काउट गाइड के बच्चों को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि हमारे लिए देश प्रथम है। इसलिए हमारी प्राथमिकता देश की हिफाजत करना है। देश ने 1962, 1965, 1971 और 1999 के युद्धों को देखा और जीता है। यह सब आपके जैसे जांबाज भावी सैनिकों के बदौलत ही जीता गया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 27 पर्यटकों को उनकी जाति-धर्म पूछकर मौत के घाट उतार दिया। ऐसे खतरों से पार पाने के लिए आज आपको तैयार किया जा रहा है। देश की आंतरिक सुरक्षा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। एकता, अखंडता और संप्रभुता देश के जवानों और किसानों के माथे पर है। आने वाले दिनों में संत मरियम विद्यालय का यह मैदान सैनिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए घुड़सवारी, राइफल शूटिंग, तीरंदाजी, तैराकी आदि का मैदान होगा। यहां से जल, थल एवं नभ के सैनिक निकलेंगे। इस मौके पर सोनू पांडेय, सुनील यादव, अपरेंद्र सर, कादरी सर आदि मौजूद रहे। वहीं पूर्व में उत्तीर्ण बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# भाजपा नेत्री स्मिता ने छतरपुर विस क्षेत्र का किया भ्रमण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मिता ने शनिवार को छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ चेगौना धाम, ग्राम खोढ़ी में श्री राधे कृष्ण मंदिर, छतरपुर स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर एवं देवगन श्री राधे कृष्ण मंदिर में पूजा कर क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धी की कामना की। इसके बाद उन्होंने उक्त धार्मिक स्थलों को विकसित करने एवं विशेषकर देवगन श्री राधे कृष्ण मंदिर को पर्यटन के रूप में विकसित करने की बात की। साथ ही चेगौना धाम परिसर में



पेयजल के लिए आरओ प्लांट लगाने का आश्वास दिया। इसके अलावा विगत दिनों खोढ़ी निवासी नंददेव यादव के पुत्र मनीष यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर पहुंची और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिया। इस मौके मोहन जायसवाल, ईशवरी पाण्डेय, चेतन चैहान, भगवान दास, गणौरी पासवान, राजेंद्र पासवान, दिपक गुप्ता, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मुखिया हरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र यादव, निर्मल यादव, उदल पासवान, प्रमोद जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# कार और बाइक की टक्कर, तीन घायल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर-रेहला मुख्य पथ पर बरवाडीह गांव के पास दुर्घटना में दो महिला सहित तीन घायल हो गये। घटना शनिवार की रात 8.30 बजे हुई। घायलों में पांडू के बंदला गांव निवासी जय प्रकाश रजक, शकुंतला देवी और सरोजा देवी शामिल हैं।

# योग हमें स्वस्थ बनाता है: डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय वेश्म में पदाधिकारी की बैठक हुई। इसमें जिला मुख्यालय के साथ ही प्रखंड एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सुचारू और व्यवस्थित रूप से योग कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर चर्चा हुई। डीसी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य तरीके से मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने योग कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी। आयुष विभाग के पदाधिकारी को योग दिवस की तैयारी को लेकर आवश्यक सामान का प्रबंध करने सहित सभी आवश्यक तैयारियां करने का निर्देश दिया। साथ ही नगर निगम के पदाधिकारियों को योग स्थल की सफाई व्यवस्था, पेयजल एवं चलंत शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। लगे हाथ योग दिवस के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। कहा कि योग से हम शारीरिक रूप से मजबूत हो सकते हैं। योग हमें स्वस्थ बनाता है। इसलिए अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करना सुनिश्चित करें। डीसी ने योग दिवस पर योगाभ्यास में शामिल होने वालों के बीच टी-शर्ट, टोपी आदि वितरण का भी निर्देश दिया। वहीं बेहतर योग करने वालों को योगा डायरी और पहली बार आयोजित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड मुख्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पंचायत मुख्यालयों, सभी स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी सुचारू और व्यवस्थित रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम करने का निर्देश दिया। वहीं ब्राडकास्ट के माध्यम से योग से होने वाले लाभ एवं योगाभ्यास नहीं करने के कारण होने वाले हानियों के प्रसार का भी निर्देश दिया। 21 जून को योगाभ्यास का कार्यक्रम सुबह 6.30 बजे से होगा। इसके लिए स्थल के रूप में स्थानीय शिवाजी मैदान में प्रस्तावित है। डीसी ने जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारियों के साथ ही योग समितियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, मीडिया कर्मियों, आमजनों सहित सभी जिलेवासियों से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामनारायण कारक, आयुष के डीपीएम डॉ मृत्युंजय कुमार कुमार मेहता आदि उपस्थित रहे।

## हुसैनाबाद विधायक ने प्रखंड-अंचल के अधिकारियों के साथ की बैठक

# कार्य में लापरवाही और भ्रष्टाचार में संलिप्तता पाये जाने पर अधिकारियों-कर्मियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई: संजय

- कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश, विभिन्न विभागों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मियों को लगाई फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। इसकी अध्यक्षता विधायक संजय सिंह यादव और संचालन एसडीओ गौरांग महतो ने किया। बैठक में सीओ रणवीर कुमार और प्रमुख अर्चना देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, म्यूटेशन कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, जलमीनार निर्माण और खराब चापानल की मरम्मत के कार्यों की समीक्षा की गई। इस



अवसर पर विधायक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यों में शिथिलता बरतने और भ्रष्टाचार पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी कार्य में शिकायत मिलती है, तो इसे सीधे विधानसभा में उठाया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने मनरेगा कार्यों में मजदूरों को समय पर भुगतान ना किए जाने पर भी नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिया कि कामकाजी मजदूरों को जल्द से जल्द उनका भुगतान किया जाए। उन्होंने म्यूटेशन में पैसे के लेन-देन की शिकायतों पर भी चिंता जताई। कहा कि ऐसे मामलों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा, विधायक ने बीआरसी भवन में संचालित आधार ऑपरेटर की मनमानी की भी शिकायत की। लोगों ने बताया कि आधार ऑपरेटर हैदर नगर में गैरकानूनी तरीके से आधार सेंटर का संचालन कर रहा है, जिसके खिलाफ विधायक ने जांच का आदेश दिया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, बच्चों के पोषण और शिक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक ने जलमीनार के निर्माण और खराब चापानल की मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि सभी विकास योजनाओं का लाभ सही समय पर और सही तरीके से जनता तक पहुंचे। इसके बाद विधायक ने बालिका आवासीय विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों के कार्यों और सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधारों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि हमारे क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाना है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी और शिथिलता की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# सीओ ने राजस्व संबंधी कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

**आइएएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को राजस्व संबंधी कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ आफताब आलम ने की। बैठक में अंचल के कई पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। इस दौरान सीओ ने राजस्व संबंधी कार्यों को लेकर कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया। इस संबंध में सीओ आफताब आलम ने बताया कि राजस्व कार्यों को लेकर अंचल कर्मियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर राजस्व से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी एवं अंचल से संबंधित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में आनंद भारती, कुमार गौतम, उत्तम कुमार प्रजापति, भागीरथ महतो, कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार यादव, अमर कुमार, अहमद रजा और अनूप तुरी आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने पेयजल और स्वच्छता विभाग के अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की

# सिर्फ कागज पर योजना नहीं बनायें, धरातल पर कार्य करें अभियंता, वरना होगी कार्रवाई : उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** किसी भी जलमीनार के खराब होने की सूचना प्राप्त होने पर सहायक एवं कनीय अभियंता यथाशीघ्र उसे ठीक करना सुनिश्चित करेंगें। जिससे कि गर्मी के मौसम में आम ग्रामीणों को पेयजल के लिए कठिनायी का सामना नहीं करना पड़े । ये निर्देश उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में पेयजल और स्वच्छता विभाग के साथ अयोजित कार्य समीक्षा बैठक में दी। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होने कहा कि




बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सहायक अभियंता और कनीय अभियंता योजनाओं का निरंतर देख-रेख करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को सख्ती से निर्देश दिया कि अपने दायित्व का निर्वहन सही तरीके से करें। सिर्फ कागजी कार्रवाई नहीं करें। उन्होंने कहा कि ससमय रिपोर्ट नहीं देने पर उनके विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को निर्देश दिया कि रविवार के दिन अपने अपने क्षेत्र में विजिट करें और वहां जलमीनार, हैंडपंप एवं बोरवेल की स्थिति की जांच करें। उपायुक्त ने पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर पर आ रहे शिकायतों पर रिस्पांस देने की बात कही। उन्होंने कहा गर्मी का मौसम है, आमजन अपनी समस्या हेतु टॉल फ्री नंबर पर कॉल करते हैं तो उसका समाधान भी ससमय किया जाए। टॉल फ्री नंबर पर ससमय रिस्पॉन्स नहीं करने पर कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इस बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल, स्वच्छता प्रमंडल, संबंधित पदाधिकारी और कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

## थाना ने केस लेने से किया इनकार, पीड़िता ने की आत्महत्या की कोशिश

**सिसई (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के सिसई थाना की पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता का केस लेने से इंकार कार दिया है। यहां तक की पीड़िता को थाना बार बार नहीं आने के लिए कह दिया। इससे आहत हो कार पीड़िता ने अपने हांथ का नस काट कार आत्महत्या का प्रयास किया। परंतु परिवार के लोगो ने उसका हिम्मत बंधया तो यह न्याय के लिए गुमला एसपी का दरवाजा खटखटाइ। फिर उन्होंने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराया। जिस समय लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ था। उस समय उसकी उम्र 17वर्ष थी और वह गर्भवती भी हुई थी। अभी उसका उम्र 18 वर्ष हो गया है। पीड़िता ने कहा है की जब तक उसे न्याय नहीं मिलता वह अपनी लड़ाई खुद लड़ेगी। जब तक दुष्कर्म के आरोपी पर केस नहीं होता है और पुलिसिया कार्रवाई नहीं होती है वह चुप नहीं रहेगी।

# कोंडरा सीधाटोली में धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायडीह।** रायडीह कोंडरा पचांयत में शनिवार को सरहुल पर्व धूम धाम से मनाया गया। उराव आदिवासी सरहुल पर्व को गुमला के बारहो जाति छत्तीसों कौम के साथ मिल जुल कर मनाते हैं। कोंडरा के सीधाटोली में गाँव के फूलचंद पुजार चुडू बैगा के द्वारा सरना स्थल में पूजा पाठ किया गया, जिसके बाद पुरे पंचायत के 28 गांव के लोग गाजा-बाजा गीत संगीत वेश भूषा और अपने खोड़हा मंडली के साथ नाचते गाते झूमते सीधाटोली से कोंडरा चौक तक गये और वापस उसी पूजा स्थल के पास आकर सरहुल शोभायात्रा देर शाम को संपन्न हुआ। महोत्सव मेंआए हुए अतिथियों का स्वागत बैच पहना



कर और आदिवासी अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। कोंडरा पंचायत के मुखिया लंकेश्वर चीक बड़ाइक ने अपने भाषण में सभी का स्वागत किया और सबको शुभकामनाएं दी। मूली पड़हा के देवान चुंइया कुजूर ने कहा कि नाच गान गाजा बाजा वेश भूषा नेग नेकचार हमारी परंपराएं हमारी पहचान है इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने अधिकारों को जानना होगा और वक्त के साथ लड़ना होगा। खड़िया समाज के अगुवा बिशु सोरेंग ने कहा कि हमारे पूर्वज कहां करते थे जो नाचेगा सो बचेगा सरहुल पर्व प्रकृति को पूजने के साथ उनके संरक्षण संवर्धन का त्यौहार है। मौके पर पूर्व प्रमुख यशोदा उरांव, पूर्व मुखिया कमला देवी, चंद्रनाथ उराव, समिति के संरक्षक रंजन राम भगत, राजेश उरांव, जय प्रताप राम, अध्यक्ष सोमरा खड़िया, सचिव जयराम भगत, उप सचिव कामिल खड़िया, कोषाध्यक्ष सुखदेव उराव, उपाध्यक्ष सुखराम खड़िया,दामोदर खड़िया सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने किया सम्मेलन एकजुटता और संघर्ष का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला गुमला का सम्मेलन करौंदी बगीचा में आयोजित किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता की अध्यक्षता में और प्रभारी रामचंद्र गोप, प्रदेश अध्यक्ष रीमा देवी, पूर्व अध्यक्ष फुलमती देवी की उपस्थिति में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संगठनात्मक मुद्दों, केंद्र सरकार से वार्ता, मानदेय बढ़ोतरी के लिए आंदोलन की रणनीति, और भविष्य निधि एवं पेंशन के बारे में चर्चा की गयी। प्रभारी रामचंद्र गोप ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्र हित में काम करता है और आंगनबाड़ी कर्मचारियों के लिए अनेक लड़ाइयां लड़ी हैं और आगे भी लड़ता रहेगा। प्रभारी रामचंद्र



गोप ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की, जिसमें 28 लोगों की हत्या की गयी थी। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ सरकार के साथ है और हत्यारों को कठोर सजा दिलाने के लिए काम करेगा। प्रदेश अध्यक्ष रीमा देवी ने कहा कि सभी एकजुट रहें और संगठन अच्छा काम कर रहा है। पूर्व अध्यक्ष फुलमती देवी ने कहा कि बहुत संघर्ष के बाद आज कुछ मानदेय बढ़ा है, आगे बहुत कुछ करना है, इसलिए संगठित रहें। प्रभारी रामचंद्र गोप और प्रदेश अध्यक्ष रीमा देवी ने संगठन की एकजुटता और संघर्ष के प्रति संकल्प व्यक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से सभी प्रखंड अध्यक्ष, जिला मंत्री तारा देवी, और काफी संख्या में सेविकाएं और सहायिकाएं सहित श्रीमती मारग्रेट डहंगा, सुभद्रा देवी, सुनिता मिंज, रजिया बेगम, तारा देवी, सत्यभा देवी, मंजुलता कुजुर, अनिता देवी, नोरबेरत एक्का आदि काफी संख्या में उपस्थित थीं।

## प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन ने सदर अस्पताल में रिम्स की तरह सुविधा देने की रखी मांग



**आजाद सिपाही संवाददात**

**गुमला।** झारखंड प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी ने शनिवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया की पर्ची काउंटर में काफी लंबी लाइन लगी रहती है कई घंटे खड़े होने के बाद पर्ची मिलता है।

जिसके बाद डॉक्टर के पास भी लंबी लाइन में अपनी पारी का इंतजार करना पड़ता है। देवकी देवी ने सदर अस्पताल में डॉक्टर की कमी दूर करने की भी प्रशासन से मांग की है। सदर अस्पताल में सभी बीमारी का डॉक्टर नहीं होने की वजह से गंभीर रूप से घायल और बीमार मरीजों को रिम्स रेफर कर दिया जाता है। रिम्स ले जाने के क्रम में मरीज की रास्ते में ही मौत हो जाती है। देवकी देवी ने रिम्स की तर्ज पर सदर अस्पताल में डॉक्टर मशीन और अन्य सुविधाओं की मांग की है। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की बात कही।

# गुमला चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की सिविल सर्जन से मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला के सिविल सर्जन नवल कुमार से उनके कार्यालय में मिला। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी ने बताया कि सर्वप्रथम उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने सभी पदाधिकारी का परिचय कराया तत्पश्चात अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला के अस्पताल और स्वास्थ्य संबंधी कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और अध्यक्ष ने अपनी तरफ से कुछ मांगे रखी। गुमला अस्पताल में अभी 100 बेडों का है इसकी क्षमता बढ़ाकर 300 बेड की करनी चाहिए। गुमला की जनसंख्या को देखते हुए गुमला



नगर में और गुमला के सभी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में भी डॉक्टरों की संख्या बढ़ानी चाहिए इस संदर्भ में विभाग के पदाधिकारी की तरफ से सकारात्मक संकेत दिए गये और संबंधित मंत्रालय के सचिव को शीघ्र पत्राचार करने पर सहमति बनी, इसके अलावा सिविल सर्जन ने बताया कि गुमला के पुराने समाहरणालय में नये स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जायेगा। गुमला अस्पताल में एमआरआइ मशीन की व्यवस्था बहुत जल्द कर दी जायेगी और आने वाले दोनों में आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य संबंधी हर तरह की सुविधा की व्यवस्था की जायेगी। मौके पर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल राजेश लोहानी सचिव बबलू वर्मा कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 'एक देश एक चुनाव' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा स्थानीय महिला महाविद्यालय में 'एक देश एक चुनाव' विषय पर शनिवार दिन के दो बजे संगोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष ने विषय प्रवेश कराते हुए किया और कहा की आज की मांग है की देश मे एक देश एक चुनाव कानून लागू हो। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव ने कहा एक देश एक चुनाव के कानून लागू हो जाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और अनावश्यक होने वाले खर्च और परेशानियों से आम जनों को भी निजात मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र सिंह ने कहा एक देश एक चुनाव यह पहली बार मांग नहीं किया जा




रहा है आजादी के बाद 1962 तक यह होता आया था, लेकिन जिस भी कारणों से यह कानून आज के दिन में लागू नहीं है जिसे पुनः लागू कर देश हित में एक मजबूत कदम उठाने की आवश्यकता है। बैठक को युवा मोर्चा के जिला महामंत्री और गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह और भाजपा जिला महामंत्री यशवंत सिंह ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं के संबोधन के बाद सभागार में उपस्थित सभी छात्राएं और उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि यह कानून देश में लागू होना चाहिए। मौके पर विकास कुमार सिंह, पायल तिवारी,सावित्री मेहता, रेखा गुप्ता, मीना, देवी कुलदीप साहू, जय साहू, कौशलेंद्र जमुवार, प्राचार्य नीलम जायसवाल, हरी शंकर त्रिपाठी, ममता, सुषमा, शंभू नायक सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### विवेकानंद पब्लिक स्कूल बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता

## सफल विद्यार्थियों को मैनेजर ने साइकिल, सोलर लाइट और बैग दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा आदर के द्वारा विवेकानंद पब्लिक स्कूल आदर के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच कई तरह के प्रश्न पूछे गये सफल विद्यार्थियों को मैनेजर पुनीत प्रकाश के द्वारा साइकिल, सोलर लाइट और बैग पुरस्कार के तौर पर दिया गया। इस दौरान मैनेजर ने कहा विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ शिक्षक भी काफी मेहनती हैं जिस तरह से क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई निश्चित तौर पर बच्चे आगे चलकर बेहतर करेंगे और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से मैनेजर पुनीत प्रकाश, विद्यालय के निदेशक राजेश महतो, फॉरेस्टर शेखर सिंह, लक्ष्मण महतो, सुखु टोपनो, अंजली कुमारी, उषा कुमारी और कविता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे। 13

## बाइक सवार शिक्षक को वाहन ने कुचला, हुई मौत

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम बाईपास के समीप एक अज्ञात वाहन ने गोकुल नगर गुमला निवासी शिक्षक दीनानाथ केसरी को टक्कर मार दिया। घटना में दीनानाथ का दोनों पर कुचलकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह घटना स्थल पहुंचे और घायल को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर उसे रिम्स रेफर कर दिया था। घायल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी, लेकिन इसी बीच इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक शिक्षक गुमला से रायडीह की ओर जा रहे थे। वहीं गुमला थाना की पुलिस अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जूट गयी है। मृतक शिक्षक की पत्नी नीलम देवी ने बताया मेरे पति प्रतिदिन की तरह आज भी तैयार होकर रायडीह के सुगा कांटा स्कूल जा रहे थे तभी यह घटना घटी।

# वाहन पर लदे चार गोवंशीय पशु जब्त, दो युवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के भलमंडा गांव के समीप पुलिस ने बोलेरो में लाद कर वध करने के लिए तस्करी कर ले जा रहे अवैध चार गोवंशीय पशु को रायडीह थाना की पुलिस ने धर दबोचा। पशु तस्कर मो मनसूर अंसारी और तसुवर अंसारी रहमत नगर लकेया थाना सिसई निवासी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए शुक्रवार की अपराह्न चार बजे दोनों को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे थाना गेट के पास वाहन चेकिंग चल रहा था।

छत्तीसगढ़ की ओर से तेज रफ्तार बोलेरो वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन वाहन पुलिस को चकमा देते हुए भागने का प्रयास किया। बोलेरो में गोवंशीय पशु लदा था। पुलिस ने वाहन का पीछा किया भलमंडा के समीप ग्रामीणों ने बोलेरो को पकड़ लिया। वही दोनों तस्करों के के साथ मारपीट की और पुलिस को सौंप दिया। वही पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। वाहन में चार पशु लदा था। पूछने पर पशु तस्कर मो मनसूर अंसारी और तसुवर अंसारी ने बताया कि वे लोग अवैध तरीके से पशुओं को बूचड़खाना ले जा रहे थे। दोनों पशु तस्कर और बोलेरो वाहन के खिलाफ रायडीह थाना में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बोलेरो वाहन को जब्त किया गया और तीन पशुओं को जिम्मेनामा पर ग्रामीण किसानों के बीच वितरित किया गया और एक घायल मवेशी का इलाज कराया गया है।

# आंदोलनकारियों के भय से भागे विधायक भूषण तिर्की: आदिवासी मोर्चा

**रविशंकर त्रिपाठी**

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक भूषण तिर्की के आवास के समक्ष धरना-प्रदर्शन, घेराव करने गये आंदोलनकारियों के भय से विधायक आवास छोड़ कर भाग गये। यह आरोप लगाया है कि आदिवासी संघर्ष मोर्चा और जमीन बचाओ संघर्ष समिति, गुमला के कार्यकर्ताओं ने उन्होने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ग्रामीणों के सवालों का कोई उत्तर विधायक के पास नहीं था। इस लिए ग्रामीणों से मिलने के भय से विधायक घर से फरार हो गये। आदिवासी संघर्ष मोर्चा और जमीन बचाओ संघर्ष समिति गुमला-जिला इकाई के लोथे उरांव, बिजू उरांव, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राज्य संयोजक-जगरनाथ उरांव, मरियम, फूलमनी देवी, पियूष उरांव, एलेश्वर उरांव, बहुरन उरांव, नवल उरांव, मनबहाल मिंज, बिरसो मिंज, बरतीला




बाखला फैदल उरांव, अन्य दर्जनों महिला-पुरुष के नेतृत्व में यह आवास घेराव कार्यक्रम का अयोजन किया गया था। विधायक भूषण तिर्की के निवास स्थान गुमला में गुमला और रायडीह प्रखण्डों के ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्या को लेकर सर्किट हाऊस से रैली निकाली गयी। जो गुमला शहर में तीन किलोमीटर तक झंडा-बैनर लेकर, नारा लगाते हुए रैली-प्रदर्शन के माध्यम से विधायक भूषण तिर्की आवास पहुंचकर ग्रामीणों की यह रैली को धरना में बदल गयी। धरना की शुरूआत काश्मीर के पहलगाम में हुए 28 शहीदों के प्रति दो मिनट के मौन श्रद्धांजलि से की गयी। धरना में सभी नेताओं ने अपने अपने विचार रखे। प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांग पत्र लेने के लिए नहीं तो विधायक आये और नहीं किसी प्रतिनिधी को नियुक्त किया। ग्रामीणों के दबाव में बाद में ग्रामीणों का मांग पत्र लेने के लिए उनके पीए आये और मांग पत्र लिया। जिसमें गुमला जिला के ग्रामीण गरीब, आदिवासी, किसानों की जनसमस्याओं पर विधानसभा सदन में बहस रखने के संबंध में कह रहे थे कि हमारा प्रतिनिधि हैं। वोट लेने के समय घर-घर जाकर भीख मांग रहे थे और जब ग्रामीण इनके आवास में आए तो वे मिलने के बजाय फरार हो गये। बताते चलें कि गुमला जिला के रायडीह और गुमला प्रखंड के 19 गांवों के हजारों आदिवासी किसानों की जमीनों का डायवर्ट 43 एनएच भारत माला रोड़ निर्माण के नाम पर अधिग्रहण किया जा रहा है जिसके विरोध में यहां के किसान दो सालों से संघर्ष कर रहे है। पिछले दिनों जिला उपायुक्त को भी धरना-प्रदर्शन के माध्यम से ज्ञापन सुपुर्द करने उनके आवास आये थे लेकिन वे भी भाग गये या दुबक गये थे। उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया कि यहां के सवालों को लेकर विधानसभा में बात रखे। उन्होने कहा कि यदि इसे हल करने का कोई प्रयास नही किया गया तो आदिवासी संघर्ष मोर्चा और जमीन बचाओ संघर्ष समिति द्वारा प्रतिनिधि वापसी की मांग को लेकर आंदोलन तेज किया जायेगा।

# महात्मा गांधी पुस्तकालय में विधि व्यवस्था को लेकर प्रबंधन समिति ने की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** महात्मा गांधी पुस्तकालय में विधि व्यवस्था को लेकर प्रबंधन समिति ने बैठक आयोजित किया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार मौजूद रहे। पुस्तकालय में पढ़ने वाले बच्चों ने समय पर पुस्तकालय नहीं खोलने साथ ही कुछ किताब संबंधित मामलों को लेकर बीडीओ को लिखित आवेदन दिया था। जिस पर पहल करते हुए बीडीओ ने समय से पुस्तकालय खोलने वह किताब की व्यवस्था को सुचारू कराया। इसके साथ ही बैठक में बच्चों ने बीडीओ और प्रबंधन के समक्ष पुस्तकालय में वाईफाई सुविधा नहीं मिलने, वाटर प्यूरीफायर खराब होने की शिकायत किया और कुछ किताबों की मांग की गयी। जिस पर



बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सभी चीजों को उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जायेगा। जल्द ही अन्य समस्या का समाधान किया जायेगा। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने बच्चों को मोटिवेट किया कि वह पढ़ाई में कैसे तैयारी करें ताकि वह सफल हो। इसके साथ ही अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। साथ ही प्रबंधन के सदस्यों को बैठक में अधिक उपस्थिति होने की बात कही। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चे को पुस्तकालय भेजें ताकि बच्चा नौकरी के क्षेत्र में तैयारी कर सके। मौके पर प्रबंधन के अध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजूर, विपिन बिहारी सिंह, आशीष कुमार सोनी, संजय सिंह, संजय पांडे राजकुमार सहित कई छात्र उपस्थित थे।

## धनबाद में अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों को दिया गया इ-फाइलिंग का प्रशिक्षण

# अब घर बैठे कर सकेंगे केस फाइलिंग जान सकेंगे अपने मुकदमों की स्थिति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित ई कोर्टस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पारस कुमार सिन्हा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला एवं अन्य।

**धनबाद।** ई-कोर्ट्स भारत में न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटलीकरण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की एक पहल है। यह परियोजना ई-गवर्नेंस के तहत न्यायपालिका में पारदर्शिता, दक्षता और तेजी लाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की ओर से वर्ष 2007 में शुरू की गई है। इसके तहत न्यायालयों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उक्त बातें धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कही। वे शनिवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित ई कोर्टस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इसके पहले कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पारस कुमार सिन्हा, केके शुक्ला, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो और रजिस्ट्रार आइजेड खान ने किया। अधिवक्ता एवं लिपिकों को संबोधित करते हुए मास्टर ट्रेनर धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू ने ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि ई कोर्ट सेवा का उद्देश्य लंबित मामलों को कम करने और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना, नागरिकों की पहुंच आसान बनाना, लोगों को घर बैठे अपने केस की स्थिति जानने, आदेश डाउनलोड करने और डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सुविधा, पारदर्शी और जवाबदेही तरीके से प्रदान करना है।

### इ-कोर्ट से क्या-क्या मिलेंगी सुविधाएं

अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव मयंक तुसार टोपनो ने कहा कि मास्टर ट्रेनर डीएसए अतुल वर्मा, दीप नारायण एवं जय केसरी ने लोगों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि केस इंफॉर्मेशन सिस्टम (सीआईएस) न्यायालयों में मामलों के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से प्रबंधित करने, नेशनल जुडिशियल डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) न्यायपालिका में पारदर्शिता लाने के लिए केस डेटा का एक केंद्रीय डेटाबेस तैयार करना है। साथ ही ई-फाइलिंग वकीलों और पक्षकारों के लिए ऑनलाइन याचिका दायर करने की सुविधा प्रदान करेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) सुनवाई जेलों, पुलिस स्टेशनों और दूरस्थ स्थानों से न्यायालय में पेशी कराने और ऑनलाइन केस ट्रैकिंग और आदेश डाउनलोड करने में भी सहायक होगा।

# पत्रकारों पर हमले के दोषियों पर प्रशासनित स्तर पर होगी कार्रवाई

## एडीएम ने पत्रकारों के साथ की वार्ता, दिया आश्वासन



धनबाद प्रेस क्लब में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम (कानून व्यवस्था) पीयूष सिन्हा।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर एडीएम (कानून व्यवस्था) पीयूष सिन्हा ने शनिवार को धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की। इस दौरान एडीएम को धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने 16 अप्रैल को रणधीर वर्मा चौक पर पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार की पूरी घटना से अवगत कराया। बताया कि 17 अप्रैल को घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध धनबाद थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गयी है। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं, एडीएम ने इस संबंध में धनबाद थाना के इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर से फोन कर बात की और मामले में की जा रही कार्रवाई की प्रगति के बारे में जानकारी ली। एडीएम ने आश्वासन दिया कि पत्रकारों के साथ हुई घटना में जिला प्रशासन अपने स्तर से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगा। इस मौके पर धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, वरीय पत्रकार प्रियेश सिन्हा, वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, उपाध्यक्ष शरद पांडेय, सुरेंद्र यादव, सचिव संजय चौरसिया, राम मूर्ति पाठक और मोहम्मद शाहिद मौजूद थे।

# कोयला चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर बनायी गयी रणनीति



कोयला चोरी पर अंकुश को लेकर बैठक करते झरिया सीओ मनोज कुमार।

**सप्ताह में दो दिन बीसीसीएल के पदाधिकारी, सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस को संयुक्त रूप से संभावित क्षेत्रों में गश्त लगाने का दिया निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब में शनिवार को कोलियरी क्षेत्र में कोयला चोरी पर रोक लगाने को लेकर झरिया सीओ, बीसीसीएल पदाधिकारी, सीआईएसएफ एवं संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस के साथ बैठक हुई। जिसमें बीसीसीएल एरिया छह, नौ, 10 और 11 के पदाधिकारी एवं सीआईएफ के जवान शामिल हुए। इस दौरान कोयला चोरी पर पूर्ण तरीके से नकेल कसने के लिए संयुक्त रूप से कदम उठाने को लेकर चर्चा हुई। बीसीसीएल की ओर से कई स्थान को चिन्हित किया गया, जहां से संगठित तरीके से कोयले की चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। खासकर लोदना, बालू गद्दा क्षेत्र में अवैध उत्खनन का चर्चा जोरो पर है। डोजरिंग की कार्रवाई के बाद भी कोयला चोरो द्वारा मुहाने खोलकर कोयले की कटाई किए जाने से भविष्य में कभी भी दुर्घटना हो सकती है। झरिया सीओ मनोज कुमार ने कहा कि सप्ताह में दो दिन बीसीसीएल के पदाधिकारी, सीआईएसएफ एवं स्थानीय पुलिस बल संयुक्त रूप से संभावित क्षेत्र में ग्रस्त करें। कोयला तस्करों की किसी भी गतिविधि पर पूरी तैयारी के साथ कार्रवाई की जाए। वहीं, सीआइएसएफ जवानों ने कहा कि कई स्थान के आसपास मोहल्ला या आवास हैं। जहां छापामारी की गयी पर कोयला को पेलोडर से नहीं उठाया जा सका है। इन स्थान पर छापामारी के दौरान कोयले को जब्त करने के लिए मैन्युअल मजदूर की व्यवस्था हो। इस पर झरिया सीओ ने उक्त क्षेत्र के बीसीसीएल पदाधिकारी को मजदूर उपलब्ध कराने की पहल करने को कहा। इस मौके पर बस्ताकोला क्षेत्र के एजीएम एके शर्मा, कुसुंडा एजीएम हफीजुल कुरेसी और झरिया थाना से बिट्टू कुमार आदि मौजूद रहे।

# बैटरी चालित ट्राइ साइकिल दिव्यांग जनों के लिए वरदान से कम नहीं : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**- कथारा में सीएसआर द्वारा मंत्री ने बैटरी चलित ट्राई साइकिल का किया वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कथारा/बेरमो।** सीसीएल के सीएसआर मद से दिव्यांगजनों के बीच शनिवार को बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कथारा कोलियरी परियोजना के सौजन्य से अतिथि गृह परिसर में आयोजित ट्राई साइकिल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह बैटरी चालित ट्राई साइकिल दिव्यांग जनों के लिए वरदान से कम नहीं है। उन्होंने सीसीएल के सीएसआर द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे सामाजिक कार्यों, सामाजिक दायित्वों की पूर्ति की सराहना की। वहीं, महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि आने वाला समय में सभी के सहयोग से क्षेत्र और बेहतर उत्पादन करेगा। जिससे मुख्यालय की ओर से सीएसआर मद से अधिक फंड मिलने से इसका लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीएसआर मद से 1.25 करोड़ की लागत से क्षेत्र में पेयजल जिसमें तालाब निर्माण, डोभा, चापाकल के अलावा डीप बोरिंग के माध्यम से जलापूर्ति कार्य पूर्ण करने की योजना है। उन्होंने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का सही ढंग से सदुपयोग करने का आग्रह किया। समारोह का संचालन कथारा कोलियरी के प्रबंधक कृष्ण मुरारी और अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी दुर्गेश कुमार सिन्हा ने की। इस अवसर पर क्षेत्रीय स्तर के सीसीएल अधिकारियों में अवनीश कुमार, अनीश कुमार दिवाकर, श्यामसुंदर पाल, राहुल कुमार सिंह, चंदन कुमार, ट्रेड यूनियन नेता बरुन सिंह, लखन लाल महतो, बालेश्वर गोप, सुमसुल हक, इकबाल अहमद, मथुरा सिंह यादव पंचायत के मुखिया पूनम देवी, मिकाइल अंसारी, तरुलता देवी आदि उपस्थित थे। वहीं दिव्यांगजनों में बोरिया उत्तरी के कृष कुमार, ऋषि कुमार, मलय चक्रवर्ती, कथारा पंचायत के मोहम्मद आलम रजा, सरवन कुमार चौहान, ज्वाला मुंडा, ममता कुमारी, बोडिया दक्षिणी पंचायत के कविता देवी, संबल परवीन, पूरन सिंह, शाहिद अख्तर, गोविंदपुर पंचायत के हिमांशु कुमार महतो, झरकी पंचायत के गुलाम हुसैन, सद्दाम हुसैन, कलामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद मकसूद अंसारी, सरर्चिया पंचायत के प्रमोद कुमार, वशिष्ठ दुबे, कुंती कुमारी और बांध पंचायत के शरीफ अंसारी को मंत्री एवं महाप्रबंधक द्वारा बैटरी चालित ट्राई साइकिल दिया गया। बताया जा रहा कि आसनापानी निवासी आलम राजा ने डीएवी के समीप रहने वाली बच्ची मनीषा कुमारी को अपना ट्राई साइकिल दे दिया। राजा ने बताया कि उससे ज्यादा इस बच्ची को इसकी जरूरत थी।

# बिना नंबर प्लेट का वाहन पलटा, केबिन में फंसा चालक

झरिया (आजाद सिपाही)। लोदना क्षेत्र के कुजामा कोलियरी अंतर्गत देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना से बिना नंबर प्लेट के ओबी लोड वॉल्वो झरिया सब्जी बागान छलछलीया धौडा मुख्य मार्ग के समीप पलट गयी। जिससे चालक कारु घायल हो गया।वह केबिन में फंस गया था। यह देख आसपास के लोग जुट गये और किसी तरह उसे वाहन से बाहर निकाला। वहीं, घटना की सूचना पाकर लोदना ओपी पुअनि बिरसा सवैया और आउटसोर्सिंग के साइड इंचार्ज सौरभ कुमार मौके पर पहुंच गये। उन्होंने घायल चालक को बाहर निकाल कैपर वाहन में बैठ कर झरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, घटना से स्थानीय लोगों में आउटसोर्सिंग एवं बीसीसीएल प्रबंधन के प्रति काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि घनी आवादी के बीच भारी वाहनों का परिचालन होता है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, कोडरमा गृह (कारा) विभाग**

**ई0 निविदा सूचना।**

| क01 | कारा का नाम | मंडल कारा, कोडरमा। |
|---|---|---|
| 2 | विषय | मंडल कारा, कोडरमा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के कय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण (तृतीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक– 01.07.2025 से 30.09.2025 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रूपये 5,000:00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक–05.05.2025 से 15.05.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा Online Upload करने की तिथि | दिनांक–05.05.2025 से 15.05.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | दिनांक–16.05.2025 से 17.05.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राशि (EMD) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि | 17.05.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–19.05.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपर समाहर्त्ता, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में। |

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थातिप किया जा सकता है। e-tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा।

PR.NO.351148 Home, Prison And Disaster Management(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0-02, गढ़वा**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/GARHWA/01/2025-26,** दिनांक–26.04.2025

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत प्रखण्ड डण्डई के ग्राम तसरार में मदरसा सिराजुल उलूम तसरार के पास तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | 9,99,800.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–28.04.2025 से दिनांक–06.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–08.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 351136 Rural Development (25-26)_D


## बोकारो डीपीएस में चित्रांजलि कार्यशाला आयोजित, कलाकार विजय चित्रकार ने सिखाये गुण

# नयी पीढ़ी को जोड़ने से ही जीवित रहेगी कला: विजय चित्रकार

**झारखंड की पारंपरिक पाटकर चित्रकला की बारीकियों से अवगत हुए विद्यार्थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही विभिन्न विद्याओं में अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास की कटिबद्धता के तहत शनिवार को बोकारो डीपीएस में विशेष कार्यशाला आयोजित हुई। 'चित्रांजलि' नामक कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने झारखंड की पारंपरिक पाटकर चित्रकला की बारीकियां सीखीं। जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) के अमाडुबी पानीजिया ग्रामीण पर्यटन केंद्र से आमंत्रित पाटकर पेंटिंग के लब्ध-प्रतिष्ठित कलाकार विजय चित्रकार ने बच्चों को इस लोक-कला के गुण सिखाए। कागज की शीटों को जोड़कर किस प्रकार लंबे स्क्रॉल, एकल शीट अथवा कपड़े पर प्राकृतिक रंगों की मदद से विभिन्न तरह के चित्र बनाए जाते हैं, इसके बारे में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी उन्होंने दी। विद्यार्थियों ने नदी तट के पत्थरों, हल्दी, पेड़ों की पत्तियां, पुटुस के फूल आदि से प्राकृतिक रंग तैयार करने का प्रशिक्षण लिया। उन्होंने बताया गया कि पाटकर पेंटिंग को कपड़े या कागज पर बनाया जा सकता है। चित्रों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए प्राकृतिक रंगों में नीम या बबूल की गोंद मिला दी जाती है। इसके बाद बच्चों ने चित्रकार के निर्देशन में रामायण, महाभारत, आदिवासी जनजीवन, करम पर्व आदि विषयों पर चित्रांकन कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। इसके बाद उनके द्वारा तैयार चित्रों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई।

इस अवसर पर प्रशिक्षक विजय चित्रकार ने बताया कि पाटकर चित्रकला स्थानीय संताली कथाओं, प्रकृति, ग्रामीण जीवन और पौराणिक कथाओं पर आधारित होती है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड में विकसित हुई पाटकर पेंटिंग किस्सागोई, गीत-गायन और रोचक चित्रों के मिश्रण की कला है। धार्मिक कथाएं, पौराणिक कहानियां और दैनिक सामाजिक जीवन लोक कथाओं के तत्वों के जरिए दशार्ने का यह माध्यम है। खासकर, हिंदू महाकाव्यों, जैसे रामायण और महाभारत आदि की झलक इसमें मिलती है। 10 साल की उम्र से ही अपने दादा से सीखकर पाटकर पेंटिंग कर रहे विजय चित्रकार ने ऐसी विद्याओं में बच्चों की जागरूकता को जरूरी बताया। कहा कि नई पीढ़ी को जब ऐसी लोक-कलाओं से जोड़ेंगे, तभी इसे आगे बढ़ाया और जीवित रखा जा सकता है। विदित हो कि विजय राष्ट्रीय स्तर की कई कार्यशालाओं में भी शामिल होकर झारखंड की इस कलात्मक धरोहर को एक खास पहचान दिलाने की दिशा में संघर्षरत हैं।

### लोक-कलाओं और कलाकारों का प्रोत्साहन जरूरी: डॉ एएस गंगवार

**इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने आमंत्रित कलाकार विजय चित्रकार को स्मृति-चिह्न भेंटकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजनों के जरिए एक तरफ जहां छात्र-छात्राओं में कलात्मक गुणों का विकास कर उन्हें देश की गौरवपूर्ण परंपरा व कला-संस्कृति से अवगत कराया जाता है। वहीं दूसरी लोक-कलाओं और संबंधित कलाकारों को प्रोत्साहित भी किया जाता है। इस दिशा में सभी को आगे आना चाहिए। तभी हमारी पुरानी लोक कलाएं संरक्षित, सुरक्षित और संवर्द्धित हो सकेंगी। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि कला शब्दों की सीमाओं से परे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने की भाषा है। बच्चे अच्छा सीखें तथा रचनात्मक और अच्छा कलाकार भी बनें।**


**कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।**
**अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**
**ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 33/2024-25 (3rd Call)**

1.कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुआ (दरहा) में पुलिया निर्माण। | 69,50,986 | 1,39,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 29.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–05.05.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 07.05.2025 अपराहन 01:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य नहीं है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR 351171 Rural Development(25-26)D

# पोप फ्रांसिस रोम की चर्च में दफनाये गये



- मकबरे पर लिखा गया- फ्रांसिसस
- अंतिम संस्कार में ढाई लाख लोग शामिल हुए

एजेंसी

**वेटिकन।** ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का शव रोम के सांता मारिया मैगियोरे बेसिलिका में दफना दिया गया है। शव को दफनाने से पहले यहां एक छोटी प्रार्थना रखी गई। पोप को दफनाने की प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट नहीं हुआ। ये जगह सेंट पीटर्स स्क्वायर से करीब 4 किमी दूर है। पोप फ्रांसिस ने अपनी अंतिम इच्छा में कहा था कि उन्हें जमीन में एक साधारण कब्र में दफनाया जाए, जिस पर केवल Franciscus (उनके नाम फ्रांसिस का लैटिन रूप) लिखा हो। सेंट पीटर्स स्क्वायर पर पोप के अंतिम संस्कार की रस्में 1:30 बजे से शुरू होकर करीब तीन घंटे चलीं। उनका शव सेंट पीटर्स बेसिलिका से निकालकर सेंट पीटर्स स्क्वायर में रखा गया, जहां प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। पोप के अंतिम संस्कार में ढाई लाख लोग जुटे। 170 देशों के प्रतिनिधि पोप के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। इनमें भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं। पोप के अंतिम संस्कार से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मुलाकात की। इसे लेकर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह मुलाकात अच्छी रही और इसके ऐतिहासिक बनने की संभावना है। पोप का 21 अप्रैल को 88 साल की उम्र में स्ट्रोक और हार्ट फैलियर से निधन हुआ था। बीते तीन दिन से उनके पार्थिव शरीर को ताबूत में अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा गया था।

# अहिंसा हमारा स्वभाव और मूल्य है लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे : भागवत

## राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को एक बार फिर पहलगाम हमले पर बयान दिया। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, 'अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो उनका क्या करें। उन्होंने कहा कि राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।' भागवत ने यह बात नयी दिल्ली में पीएम संग्रहालय में स्वामी विज्ञानंद की पुस्तक 'हिंदू मेनिफेस्टो' के विमोचन के दौरान कही। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये 26 लोगों के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। भागवत ने कहा- यह किताब 'हिंदू मेनिफेस्टो' चर्चा के लिए है, आम सहमति बनाने के लिए है। यह एक प्रस्ताव है, इसे बहुत स्टडी के बाद बनाया गया है। इसमें बताया है कि आज आम सहमति की जरूरत है, क्योंकि दुनिया को एक नया रास्ता चाहिए। दुनिया दो रास्तों के बारे में सोचती है, उन्होंने दोनों रास्तों पर कदम रखा और तीसरा रास्ता चाहिए था, जो भारत के पास है। दुनिया को रास्ता दिखाना भारत की जिम्मेदारी है। यह परंपरा के रूप में भारत के पास है।




### मोहन भागवत के बयान की बड़ी बातें

- 'दुनिया को हमें बहुत सिखाना है और हमारे पास बहुत है। हमारी अहिंसा लोगों को बदलने के लिए है। उन्हें अहिंसक बनाने के लिए है। कुछ लोग तो बन गये, लेकिन कुछ नहीं बने। वे इतने बिगड़े हैं कि कुछ भी करो वे नहीं बदलेंगे। बल्कि दुनिया में और उपद्रव करेंगे।'
- 'मैंने रावण का जिक्र इसलिए किया, क्योंकि हम तो किसी के दुश्मन नहीं, द्वेष हमारा स्वभाव नहीं है। रावण का वध भी उसके कल्याण के लिए हुआ था। उसके पास अच्छा आदमी बनने के लिए जो जरूरी होता है वह सब था।'
- 'उसने जिस शरीर और मन-बुद्धि को स्वीकार किया, उसने अच्छाई को उसके अंदर जाने नहीं दिया। उसको अच्छा बनाने का एक ही उपाय है कि उस शरीर को समाप्त किया जाए। इसलिए भगवान ने उसका संहार किया।'
- 'हमारे यहां देखा जाता है कि शत्रु अच्छा है या बुरा, यह देखा जाता है। इसे बैलेंस किया जाता है। इसलिए गीता में अहिंसा का उपदेश है, ताकि अर्जुन लड़े और मारे क्योंकि उस समय ऐसे लोग सामने थे कि उनका कोई और इलाज नहीं था।'

### धर्म पूछकर हत्या करना निंदनीय, हिंदू कभी ऐसा नहीं करेगा

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने लोगों से उनका धर्म पूछने के बाद हत्या की। हिंदू कभी ऐसा नहीं करेगा। मोहन भागवत ने आगे कहा कि यह लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच की है। हमारा देश कितना शक्तिशाली है यह दिखाने का समय आ गया है। भागवत ने ये बातें मुंबई में एक कार्यक्रम में कहीं।

# ईरान के बंदरअब्बास पोर्ट पर धमाका
# 5 की मौत, 700 से ज्यादा घायल

- ज्वलनशील पदार्थों को रखने में लापरवाही से हुआ हादसा

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गयी और 700 से ज्यादा घायल हो गये। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरूआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ।

ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है।

रेस्क्यू वर्कर्स हादसे वाली जगह से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। ईरानी मीडिया का कहना है कि विस्फोट की वजह से किसी एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचा है।

ईरान को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वजह से जरूरी इक्विपमेंट नहीं मिल पाते हैं, इस वजह से यहां पर अक्सर इंडस्ट्रीयल दुर्घटनाएं होती रहती हैं।





















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**